हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 345, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 3 जून, 2022 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

कश्मीरी पंडितों के तीन बड़े फैसले, कल से करेंगे सामूहिक पलायन, प्रदर्शन स्थगित, कई ने छोड़ी घाटी

घाटी में जारी सभी जगहों पर विरोध प्रदर्शनों पर तत्काल प्रभाव से लगी रोक

श्रीनगर। दो दिन पहले कश्मीर में हुई अध्यापिका रजनी बाला की हत्या का गम कुछ कम नहीं हुआ था कि आज आतंकियों ने एक और टारगेट किलिंग को अंजाम दे दिया। बैंक प्रबंधक विजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। विजय राजस्थान के रहने वाले थे। इस हमले को लेकर कश्मीरी पंडितों ने एक आपात बैठक कर तीन बड़े फैसले लिए हैं। अलग-अलग ट्रांजिट कैंप से आए कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर अल्पसंख्यक फोरम के बैनर तले बैठक की। इसमें बैंक अधिकारी विजय कुमार सहित सभी टारगेट किलिंग हमलों की निंदा की गई और इन्हें कायराना कृत्य करार दिया गया। फोरम का कहना है कि बैठक में तीन मुख्य फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घाटी में जारी सभी जगहों पर विरोध प्रदर्शनों को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। फोरम का कहना है कि घाटी में सभी अल्पसंख्यकों के सामने सरकार ने कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। ऐसे में वे शुक्रवार सुबह घाटी से बाहर पलायन

करेंगे। फोरम ने घाटी में सभी प्रदर्शनकारियों से आह्वान किया है कि वे सभी नवयुग टनल के पास एकत्रित हों और यहां पर आगे की कार्यनीति तय करेंगे। वहीं, खबर है कि कश्मीर में बदले हालातों के बीच कई कश्मीरी पंडित और अन्य अल्पसंख्यक कर्मचारी घाटी छोड़ कर जम्मू का रुख कर रहे हैं। कश्मीर संभाग के कुलागम, बांदीपोरा, अनंतनाग, बारामूला, शौपिया सहित अन्य जिलों में जम्मू संभाग के हजारों कर्मचारी कार्यरत हैं। कुलागम में ही कार्यरत एक शिक्षक ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर कहा कि सभी में डर का महौल है। लगातार हो रही लक्षित हत्याओं ने हमें घाटी छोड़ने पर मजबूर किया है। यह पहली बार है आतंकियों ने अनुसूचित जाति के किसी कर्मचारी को निशाना बनाया है।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज की गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की याचिका, बताया आधारहीन

चंडीगढ़। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के सिलसिले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने और उसे पंजाब नहीं ले जाने के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने याचिका को आधारहीन करार दिया। जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर की बेंच के सामने लॉरेंस बिश्नोई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पंजाब के एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिंह सिद्धू ने बताया कि सिद्धू मूसेवाला केस में फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई को नामजद नहीं किया गया है और जब उसका नाम ही अभी एफआईआर में नहीं है तो वह कैसे इस याचिका को दायर कर सकता है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि लॉरेंस ने यह याचिका उसे नामजद किए जाने से पहले ही दायर कर दी है, ऐसे में यह याचिका प्री-मैच्योर है और आधारहीन भी। इसी आधार पर बिश्नोई की इस याचिका को खारिज कर दिया गया। बिश्नोई ने याचिका दायर कर हाईकोर्ट से मांग की थी कि सिद्धू मूसेवाला केस में उससे जो भी पूछताछ किए जाने की जरूरत हो तो वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में ही की जाए।

केजरीवाल ने किया बड़ा दावा- मनीष पर भी झूठा केस लगाकर जेल भेजने की तैयारी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा दावा किया है कि केंद्र सरकार सत्येंद्र जैन के बाद अब दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को फर्जी केस में फंसाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फेंस की शुरूआत करते हुए कहा, आपको याद होगा कि मैंने कुछ महीने पहले ही सबको बता दिया था कि केंद्र सरकार सत्येंद्र जैन को एक फर्जी केस में फंसाने वाली है। मुझे यह बात बहुत ही विश्वस्त सूत्रों से पता चली थी। कल उन्हीं सूत्रों से यह पता चल रहा है कि अब मनीष सिसोदिया को फर्जी केस में फंसाए जाने की तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार ने सभी जांच एजेंसियों को कोई न कोई फर्जी केस करने की बात कही है। केजरीवाल ने आगे कहा, मनीष सिसोदिया देश में शिक्षा क्रांति के जनक हैं और आजाद भारत के शायद सबसे बेहतरीन शिक्षा मंत्री हैं। सरकारी स्कूलों में पहले गरीबों के बच्चों को थर्ड क्लास शिक्षा मिलती थी। दिल्ली के स्कूलों में 18 लाख बच्चे पढ़ते हैं। इन सबका भविष्य अंधकार में था, मनीष ने इन सभी की आंखों में भविष्य के सुनहरे सपने दिए हैं। इनके माता-पिता की आंखों में चमक दी है। केजरीवाल ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं उन 18 लाख बच्चों से पूछना चाहता हूं कि क्या आपके मनीष सिसोदिया भ्रष्ट हैं? मैं उन बच्चों के माता-पिता से पूछना चाहता हूं कि ये लोग मनीष सिसोदिया को भ्रष्ट कह रहे हैं, ऐसा है क्या?

पंचतत्व में विलीन हुए सिंगर केके, बेटे ने दी पिता को मुखाग्नि

नई दिल्ली। बालीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर कृष्णकुमार कुन्नथ यानी केके पंचतत्व में विलीन हो गए। मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया। केके के बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी है। इस दौरान केके की अंतिम यात्रा में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके फैंस और कई सितारे शामिल हुए। इससे पहले मंगलवार शाम को कोलकाता में हुई केके की मौत के मामले में उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में असामान्य कुछ भी नहीं मिला है। हालांकि 72 घंटे बाद अंतिम रिपोर्ट मिलेगी। बता दें कि बुधवार को कोलकाता के रबींद्र सदन में मशहूर गायक को गन सैलूट दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उनके सहयोगी मंत्री व बांग्ला फिल्म जगत की कई मशहूर हस्तियां उपस्थित थीं। भारी भीड़ ने उनके पार्थिव शरीर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। हालांकि न्यू मार्केट थाने की पुलिस ने असामान्य मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के हवाले से मिली खबर के मुताबिक केके के चेहरे और सिर पर चोट के निशान हैं। होटल के कर्मचारियों और कंसर्ट आयोजकों से भी पुलिस सवाल जवाब करेगी। वहीं दूसरी ओर केके की पत्नी व पुत्र बुधवार सुबह कोलकाता पहुंचे थे। इसके बाद गुरुवार को केके के पार्थिव शरीर को मुंबई लाया गया।

एसएसकेएम अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम- केके के पार्थिव शरीर का कोलकाता के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एसएसकेएम में पोस्टमार्टम हुआ। दूसरी ओर केके की पत्नी जया कुन्नथ व पुत्र नकुल कृष्ण कुन्नथ आज सुबह 9:00 बजे कोलकाता पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद वह पार्थिव शरीर को मुंबई ले जाने की तैयारी में हैं। शाम को मुंबई पहुंच जाएंगे। बताते चलें कि कोलकाता के उल्टाडांगा में गुरूदास महाविद्यालय के नजरुल मंच में मंगलवार शाम को केके का एक लाइव कंसर्ट आयोजित किया गया था। बताया जाता है कि मंच पर जाने के दौरान से ही वह खुद को अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। इसके बाद वह कोलकाता के पांच सितारा होटल में चले गए, जहां सीढ़ी पर चढ़ने के दौरान अचानक गिर गए। इसके बाद उन्हें कोलकाता के निजी अस्पताल सीएमआरआइ ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आडिटोरियम में जरूरत से ज्यादा भीड़ होने का आरोप- इधर आडिटोरियम में जरूरत से ज्यादा लोगों की भीड़, अव्यवस्था के आरोप मैनेजमेंट पर लग रहे हैं। बताया गया है कि आडिटोरियम की क्षमता 2500-3000 लोगों की थी, लेकिन लेकिन उसमें मौजूद दर्शकों की संख्या उससे दोगुनी थी। आडिटोरियम में टिकट नहीं, पास के जरिए एंट्री हो रही थी। कंसर्ट में मौजूद चश्मदीद के मुताबिक आडिटोरियम में जरूरत से ज्यादा लोगों की भीड़ मौजूद थी। पुलिस कोलकाता के पांच सितारा होटल की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, जहां सीढ़ी पर चढ़ने के दौरान केके गिर गए थे। कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त (अपराध), मुरलीधर शर्मा, उस होटल में पहुंचे, जहां केके ठहरे थे।

भाजपा में शामिल होते ही हार्दिक पटेल ने कहा पीएम मोदी का सिपाही बनकर काम करूंगा

नई दिल्ली। गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल आज भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस बीच भाजपा ज्वाइन करने से पहले हार्दिक पटेल ने ट्वीट भी किया है। हार्दिक पटेल ने ट्वीट कर कहा कि वह छोटा सिपाही

बनकर काम करेंगे। बता दें कि हार्दिक पटेल ने बीते महीने कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हार्दिक ने गुरुवार सुबह एक ट्वीट कर कहा, 'राष्ट्रहित, प्रदेशहित, जनहित एवं समाज हित की भावनाओं के साथ आज से नए अध्याय का प्रारंभ करने जा रहा हूं। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्र सेवा के भगीरथ कार्य में छोटा सिपाही बनकर काम करूंगा।' राष्ट्रहित, प्रदेशहित, जनहित एवं समाज हित की भावनाओं के साथ आज से नए अध्याय का प्रारंभ करने जा रहा हूँ। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्र सेवा के भगीरथ कार्य में छोटा सा सिपाही बनकर काम करूँगा।

पद का लालच नहीं- हार्दिक पटेल- हार्दिक ने कहा कि आजतक मैंने पद के लालच में कहीं भी किसी भी प्रकार की मांग नहीं रखी। कांग्रेस को भी मैंने काम मांगते हुए छोड़ा और भाजपा में भी मैं काम करने की परिभाषा के साथ जुड़ रहा हूं। स्थान की चिंता कमजोर लोग करते हैं। मजबूत लोग कभी भी स्थान की चिंता नहीं करते हैं।

इन सीटों से चुनाव लड़ने की अटकलें- बताया जा रहा है कि हार्दिक पटेल का आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना तय है। हार्दिक सौराष्ट्र की मोरबी या अहमदाबाद जिले में अपने पैतृक गांव वीरमगाम सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने भाजपा से चुनाव लड़ने के संकेत भी दिए थे।

18 मई को दिया था कांग्रेस से इस्तीफा- गौरतलब है कि हार्दिक पटेल ने 18 मई को गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के साथ-साथ प्राथमिक सदस्य के रूप में इस्तीफा दिया था। कांग्रेस छोड़ते वक्त हार्दिक ने कहा था कि मुझे विश्वास है कि मेरे इस निर्णय का स्वागत मेरा हर साथी और गुजरात की जनता करेगी।

शादी से लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र बृजमनगंज के ग्राम लेहड़ा टोला मस्जिदिया निवासी दो युवकों की सडक दुर्घटना में हुई मौत।प्राप्त जानकारी के अनुसार लेहड़ा गांव के रहने वाले करन (30) और राजू (36) मंगलवार की शाम

अपने दोस्त की शादी में पीपीगंज दोस्त की शादी में शामिल होने गए थे दोस्त की शादी में शामिल होकर बाइक से दोनों घर लौट रहे थे तभी अचानक सामने से आ रही स्कार्पियो से टक्कर हो गई।जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और बाइक पर सवार दोनों युवकों की तत्काल मृत्यु हो गई।यह घटना कैम्पियरगंज क्षेत्र के रावतगंज रामलीला चौक के पास हुई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवकों की जेब से मिले मोबाइल पर फोन कर सूचना दी ।मृतक युवक की पहचान करन उम्र 30 वर्ष तथा राजू उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई । फोन पर सूचना मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातम छा गया । पुलिस ने रात में ही परिजनों को बुलाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

तीन दिन में कश्मीर में तीन नागरिकों को आतंकियों ने बनाया निशाना, अब बैंक में घुसकर मैनेजर को मारी गोली

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा को यकीनी बनाने के दिए जा रहे दावों के बीच आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के आरेह इलाके में अब एक बैंक मैनेजर की हत्या कर दी। कुलगाम में इलाका-ए-देहाती बैंक शाखा के बैंक मैनेजर को आज सुबह आरेह इलाके में आतंकवादियों ने बैंक में घुसकर गोली मार दी। आतंकियों की गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए बैंक मैनेजर को उसे नजदीकी जिला अस्पताल कुलगाम में भर्ती कराया गया परंतु इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान विजय कुमार के तौर पर हुई है। वह हनुमानगढ़ राजस्थान का रहने वाला था। पुलिस का कहना है कि कुलगाम में हनपोरा ब्रांच में मैनेजर के तौर पर नियुक्त विजय कुमार जब अपने बैंक में मौजूद था तो अचानक से एक संदिग्ध हमलावर ने उन पर गोलियां बरसाना शुरू कर दी। गोली

मारने के बाद आतंकी भाग निकला जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आयाा है। वहीं हमले के तुरंत बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे सेना व पुलिस के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। आपको जानकारी हो कि मंगलवार को आतंकवादियों ने कुलगाम में ही कार्यरत कश्मीरी हिंदू महिला अध्यापक रजनी बाला की हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन यानी बुधवार रात आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां में एक ग्रामीण युवक को गोली मार दी और फरार हो गए। गोली उसकी टांग पर लगी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शोपियां के गांव रक्ख ए चिदरन में बुधवार रात करीब आठ बजे स्वचालित हथियारों से लैस आतंकियों का एक दल दाखिल हुआ। गांव में घुस उन्होंने फारूक अहमद शेख का पता पूछा। आतंकियों को आता देख घर के बाहर खड़े फारूक ने कथित तौर पर भागकर जान बचाने का प्रयास किया।

हज यात्रियों को स्पाइसजेट का तोहफा भारत-सऊदी अरब के बीच 37 स्पेशल उड़ानें

नई दिल्ली। स्पाइसजेट ने भारत के हज यात्रियों के लिए स्पेशल उड़ानों के संचालन का फैसला लिया है। इसके तहत 31 जुलाई तक 37 स्पेशल फ्लाइट उड़ान भरेंगी। विमानन कंपनी ने इस बात की जानकारी गुरुवार को दी। इसने बताया कि 31 जुलाई तक यह भारत और सऊदी अरब के बीच 37 स्पेशल उड़ानों की शुरूआत करने जा रहा है। इससे हज यात्रियों को लाभ मिलेगा जो मक्का मदीना जाएंगे। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा, 'श्रीनगर से मदीना के लिए स्पेशल उड़ानों को 5 जून से 20 जून के बीच भेजा जाएगा। जेद्दा से श्रीनगर वापसी की उड़ानों को 15 जुलाई से 31 जुलाई तक के लिए निर्धारित किया गया है।' इस साल हज यात्रियों के लिए एकमात्र भारतीय एयरलाइन स्पाइसजेट अपनी उड़ानें शुरू कर रहा है। इससे पहले गया से हज यात्रियों को लेकर स्पाइसजेट की कई फ्लाइटें भेजी गई थीं जिसमें 19 हजार हज यात्री को लाया ले जाया गया। कोरोना महामारी के कारण हज यात्रा दो सालों तक निरस्त रहीं। सऊदी अरब ने सभी प्रकार के विजिट वीजा धारकों को 9 जून से चार हवाई अड्डों के जरिए देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इन चार हवाई अड्डों में जेद्दा, मदीना, यानबू और ताइफ हवाई अड्डे हैं। हज यात्रा के कारण यह प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि सऊदी अरब में रियाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के जरिए प्रवेश किया जा सकता है। सऊदी अरब एयरलाइंस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि यह प्रतिबंध 9 जुलाई 2022 तक जारी रहेगा। सऊदी अरब की ओर से कहा गया, 'सभी प्रकार के विजिट वीजा धारकों को चार हवाई अड्डों के जरिए देश में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ये हवाई अड्डे हज परमिट धारकों के लिए रिजर्व हैं।' विजिट वीजा धारकों के पास राउंड ट्रिप का टिकट होना चाहिए। इसके साथ ही आगमन और वापसी रियाद हवाई अड्डे के जरिए ही होगी।

यूपी में फिल्म सम्राट पृथ्वीराज टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री योगी बोले- लोगों को जागरूक करने वाली फिल्म

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के लोकभवन में फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' देखने के बाद इसे टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास से लोगों को जागरूक करने वाली फिल्म है। पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर फिल्माई गई इस फिल्म को मुख्यमंत्री योगी ने मंत्रियों समेत लोकभवन ऑडिटोरियम में देखा। मुख्यमंत्री योगी ने मुक्त कंठ से इस फिल्म की प्रशंसा की और कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि इतिहास का भी आईना है। राष्ट्र निर्माण के लिए इस तरह की फिल्मों का बनना बहुत जरूरी है। अक्षय कुमार ने भी सभी का आभार जताया और कहा कि आपने (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) जिस मन से इस फिल्म को देखा उसके लिए

बहुत-बहुत धन्यवाद। अक्षय कुमार ने कहा कि समय-समय पर बॉलीवुड में फिल्मों का फ्लेवर बदलता रहता है। इस समय राष्ट्रभक्ति की फिल्मों का फ्लेवर चल रहा है। अभी ऐसे और भी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। उन्होंने यूपी में फिल्म को टैक्स फ्री करने पर सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी कहा कि वर्ष 2014 के बाद से वह लगातार इस तरह के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और यह फिल्म बहुत अच्छी बनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह फिल्म हमारे इतिहास का झरोखा है। इसमें उत्तर प्रदेश के कई स्थानों का वर्णन है। उन्होंने खासतौर से कन्नौज का जिक्र किया और चुटकी भी ली कहा कि कन्नौज इत्र और गोबर अब दोनों के लिए जाना जा रहा है। फिल्म में कन्नौज का भी महत्वपूर्ण जिक्र है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनकी कैबिनेट के अन्य मंत्री, अभिनेता अक्षय कुमार, अभिनेत्री मानुषी छिल्लर और डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी भी मौजूद रहे।

आजमगढ़ में कौन होगा भाजपा का उम्मीदवार, निरहुआ बोले- अखिलेश ने छोड़ दिया जिले की जनता का साथ

आजमगढ़। आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा, इसे लेकर लोगों में चर्चा है। भाजपा के टिकट पर एक बार फिर दिनेश लाल यादव निरहुआ के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। बीते दो दिन से जिले में रहकर दिनेश लाल यादव निरहुआ लोगों से जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। बुधवार को मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ की जनता ने बड़ी उम्मीद के साथ अखिलेश यादव को अपना सांसद चुना था लेकिन उन्होंने तीन वर्षों में ही यहां की जनता का साथ छोड़ दिया। आने वाले 50 वर्षों में भी सपा की सरकार नहीं आने वाली है। दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए अनेक राज्यों में जाना होता है। हर राज्य को सीएम योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री और हर देश को नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री चाहिए। उत्तर प्रदेश की जनता और देश की जनता ने जिसे चुना है वो देश के सबसे अच्छे नेता हैं। ऐसे में हम सभी लोगों को भाजपा के साथ जुड़कर विकास में योगदान करना चाहिए। उपचुनाव सही मौका है, जब हम सभी लोगों को भाजपा के साथ जुड़ना चाहिए। कहा कि आपने जाति, धर्म और क्षेत्रवाद के बारे में सोचा लेकिन इस बार आजमगढ़ के भले के लिए सोचना है और यह सबकी जिम्मेदारी है। क्योंकि आजमगढ़ का प्रतिनिधि जब सरकार में होगा तो जिले का विकास और अधिक मजबूती के साथ होगा। ऐसा प्रतिनिधि चाहिए जो यहां की जनता के लिए काम कर पाए। आज गोरखपुर और वाराणसी पूरी तरह से सज गया पर आजमगढ़ पिछड़ गया। बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा खाली की गई आजमगढ़ लोकसभा सीट पर 23 जून को उपचुनाव है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी घोषित किया है।

संपादकीय

बीमार दरख्त

हरित दिल्ली का नारा बहुत पुराना है। यहां के प्राधिकरणों को इस बात पर नाज भी है कि यहां के हरे-भरे पेड़ दिल्ली की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। मगर इस हफ्ते सौ की रफ्तार से हवा क्या चली कि इसने इन पेड़ों की सेहत का पदार्फाश कर दिया। उस तूफान में जितने पेड़ गिरे, शायद उतने एक दिन में कभी नहीं गिरे होंगे। अब नगर निगम को चिंता सताने लगी है कि जिन पेड़ों को उसने विरासत का दर्जा दे रखा है, वे भी नष्ट हो जाएंगे। पिछले सात सालों में करीब तीन सौ विरासत वाले वृक्ष इसी तरह जमींदोज हो चुके हैं। इसलिए अब एक बार फिर विचार होने लगा है कि इन पेड़ों की सेहत कैसे सुधारी जाए। पेड़ों के गिरने, उखड़ने और टूटने की वजहें तलाशी जा रही हैं। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब दिल्ली के पेड़ों की सेहत को लेकर मंथन शुरू हुआ है। करीब सात-आठ साल पहले इसे लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर निगम को आदेश दिया था कि पेड़ों के चारों ओर कम से कम चार फुट जगह छोड़ना जरूरी है। यानी उनके तने के आसपास पक्की जमीन नहीं होनी चाहिए। तब आनन-फानन पेड़ों के आसपास की पक्की जगह खोद डाली गई थी। मगर फिर वही रवैया दिखने लगा है। आंधी तूफान में मजबूत पेड़ों की शाखें भी टूट जाती हैं। मगर दिल्ली की समस्या केवल तूफान से जुड़ी नहीं है। यहां सामान्य से जरा तेज हवा चलने पर भी पेड़ टूट जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में पेड़ों का गिरना बड़े हादसों और नुकसान का सबब बनता है। इस तरह पेड़ गिरने से दिल्ली में हर साल अनेक गाड़ियां टूट जाती हैं, तो कई इमारतों को नुकसान पहुंचता है। कई बार लोग भी घायल हो जाते या जान तक गंवा बैठते हैं। इसलिए पेड़ों का गिरना न केवल पर्यावरण की दृष्टि से, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी बड़ी चुनौती है। मगर जैसा कि हमारे सरकारी महकमों की आदत है, प्राकृतिक आपदा को नियति मान कर उससे बचाव के उपाय तलाशने पर ध्यान नहीं देते, पेड़ों के गिरने को भी इसी मानसिकता के चलते नजरअंदाज किया जाता रहा है। दिल्ली या दूसरे शहरों में दरख्तों के टूटने, जड़ों से उखड़ने की वजहें किसी से छिपी नहीं हैं। मगर उनके समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किए जाते। शहरी क्षेत्रों में इस कदर जमीन की ऊपरी सतह को कंक्रीट से भर दिया गया है कि मिट्टी वाली जमीन कहीं नजर ही नहीं आती। फिर प्रदूषण कम करने और सौंदर्यीकरण की मंशा से पेड़ लगाए जाते हैं। उन पेड़ों की जड़ों को फैलने की जगह मिलती नहीं। उनके चारों तरफ कंक्रीट भरी होती है। अदालती आदेश का पालन करते हुए जहां उनके तने के आसपास चार फुट की जगह छोड़ी जाती है, वह उनकी जड़ों तक आक्सीजन पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं होती। इस तरह जब जड़ें न तो स्वाभाविक रूप से फैल पाती हैं और न उन्हें जरूरत भर की हवा मिल पाती है, तो उनके तने खोखले होने शुरू हो जाते हैं। वे ऊपर से फैल बेशक जाएं, पर उनमें अपना ही वजन उठा पाने की ताकत नहीं होती। जरा भी तेज हवा चलती है, तो वे धराशायी हो जाते हैं। पेड़ लगाना अच्छी बात है, मगर इस तरह उन्हें बीमार रख कर न तो पर्यावरण को स्वस्थ बनाया जा सकता है और न शहर को सुंदर।

चुनौतियों के बीच

वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में विकास दर 4.1 फीसद पर आकर ठहर जाना बता रहा है कि अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां अभी कम नहीं हुई हैं और इसे पटरी पर लाने में लंबा वक्त लगेगा। बस राहत की बात इतनी है कि अर्थव्यवस्था फिर से कोरोना पूर्व की स्थिति में बढ़ने लगी है। हालांकि भारत में महामारी से पहले से ही आर्थिक मंदी असर दिखाने लगी थी। मंगलवार को जारी राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के आंकड़े बता रहे हैं कि सेवा क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़ कर कृषि, वित्त, परिवहन, संचार, विनिर्माण जैसे क्षेत्र फिर से रफ्तार पकड़ने लगे हैं। यह भी कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद कहे जाने वाले कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र में भी उत्पादन अप्रैल 2021 के मुकाबले 8.4 फीसद बढ़ा है। इसलिए 2021-22 में अर्थव्यवस्था की दर 8.7 तक आ गई जो पिछले साल शून्य से 6.6 फीसद तक गिर गई थी। हालात कितने सुधरे, इसका पैमाना फिलहाल यही है कि हम संकट के दौर से निकल कर महामारी से पहले वाली स्थिति में कहां तक पहुंच पाए। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि पूरा वित्त वर्ष 2021-22 संकटों से भरा रहा, जिसमें महामारी से बचाव के लिए उठाए गए पूर्णबंदी और दूसरे प्रतिबंधों ने अर्थव्यवस्था को ठप कर दिया था। बीते वित्त की तीसरी और चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था को जो झटके लगे, उनसे वृद्धि दर पर असर पड़ना निश्चित था। फरवरी के आखिरी हफ्ते से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को नए संकट में झोंक दिया है। इसका असर सिर्फ भारत पर ही नहीं, बल्कि ज्यादातर देशों पर पड़ रहा है। इससे आई महंगाई ने देश और जनता दोनों की अर्थव्यवस्था को हिला दिया। हालांकि भारत में महंगाई लंबे समय से बनी हुई है। यूक्रेन संकट की वजह से कच्चे तेल के दामों ने तो सारे रेकार्ड तोड़ दिए। अभी भी इसमें नरमी के कोई आसार लग नहीं रहे। इसके अलावा अनाज, उर्वरक और धातुओं में भी भारी उछाल आया। रूस और यूक्रेन गेहूं के भी बड़े उत्पादक और निर्यातक देश हैं। इससे दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला गड़बड़ा गई। भारत में चौथी तिमाही में इसका जबरदस्त असर देखने को मिला। आर्थिकी जिस रफ्तार से बढ़नी थी, उस पर विराम लग गया। जहां तक बात है तीसरी तिमाही की सुस्ती की, तो इस पर ओमीक्रान और लगातार महंगे होते जिंसों का असर था। जाहिर है, दो तिमाहियों में भारत को दोहरे संकट से जूझना पड़ गया। अर्थव्यवस्था के लिए इस वक्त महंगाई और आर्थिक वृद्धि दर की चुनौती सबसे बड़ी है। जहां तक महंगाई का सवाल है, तो रिजर्व बैंक पहले ही संकेत दे चुका है कि इससे निपटने में अभी वक्त लगेगा। जैसे हालात हैं, उनसे संकेत भी यही मिल रहे हैं कि यह साल महंगाई की मार में ही निकलेगा। आर्थिक वृद्धि इससे अछूती नहीं रह सकती। मुश्किल यह है कि अगर महंगाई कम नहीं हुई और आर्थिक वृद्धि दर में इजाफा नहीं हुआ, तो रोजगार बाजार जवाब देने लगेगा। बेरोजगारी दर पहले ही ऊंची बनी हुई है। ऐसे में महंगाई और आर्थिक वृद्धि के संकट की वजह से नौकरियां जाने लगीं तो लोग करेंगे क्या? आंकड़े भले कुछ कहते रहें, पर इस हकीकत से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि कोरोनाकाल में जिन करोड़ों लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा था, उनमें से बड़ी संख्या में लोग आज भी या तो बिना रोजगार के हैं या फिर बेहद कम पैसे में काम करने को मजबूर हैं। महंगाई और वृद्धि दर दोनों को साधने के लिए ऐसे व्यावहारिक कदमों की जरूरत है जिनकी प्राथमिकता रोजगार सृजन हो।

ड्रोन तकनीक और खतरे

संजय वर्मा

ड्रोन सुशासन और सरकारी कामों की गति बढ़ाने में भी मददगार साबित हो रहे हैं। इनके बल पर एक बड़ा सपना यह देखा जा रहा है कि जल्दी ही भारत ड्रोन के उत्पादन और इस्तेमाल की धुरी बन सकता है। इसका फायदा देश के रोजगार क्षेत्र को भी होगा, ठीक वैसे ही जैसे अस्सी-नब्बे के दशक में जब देश में कंप्यूटर आए तो ये मशीनें न सिर्फ हमारी व्यवस्था और जीवन का जरूरी अंग बन गईं, बल्कि रोजगार का पूरा परिदृश्य ही बदल गया।

विज्ञान और तकनीक के मामले में अक्सर यह बात कही जाती रही है कि अगर वह एक वरदान है तो कुछ अभिशाप भी उसके साथ जुड़े हैं। डायनामाइट, परमाणु ऊर्जा से लेकर इंटरनेट के आविष्कार तक को लेकर यह बात सही साबित हुई है। इधर, दुनिया में जब से कृत्रिम मेधा (आइई) की मदद से चलने वाले हथियारों की होड़ शुरू हुई है तो खतरा ज्यादा बढ़ गया है। तकनीक की यह होड़ सिर्फ देशों की सेनाओं के बीच ही नहीं है, बल्कि नागरिक जीवन में इसका असर दिखने लगा है। तकनीक का दिनोंदिन सस्ता होते जाना यह संभव कर रहा है कि वह आम लोगों के हाथों में पहुंच जाए। पर खतरा यह है कि कहीं वह आतंकियों-अपराधियों के हाथ में न पड़ जाए। ऐसा ही मामला ड्रोन तकनीक का है। हालांकि अभी तक ज्यादातर संदर्भों में ड्रोन के इस्तेमाल के सकारात्मक पहलू ही सामने आए हैं। जैसे किसी स्थान की निगरानी करने, विकास संबंधी गतिविधियों का पता लगाने, नक्शे तैयार करने और अपराधियों की धरपकड़ जैसे कार्यों में ड्रोन का प्रयोग किया जाने लगा है। समस्याग्रस्त इलाकों में ड्रोन से निगरानी का काम कई देशों की पुलिस की कार्यशैली में शामिल हो चुका है। पर ड्रोन का महत्त्व इससे भी ज्यादा हो सकता है। दरअसल, निगरानी के काम के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह ज्यादा महत्त्वपूर्ण है।

जैसे- पीएम स्वामित्व योजना के तहत देश के गांवों की हर संपत्ति का डिजिटल नक्शा तैयार किया जा रहा है। इससे जमा की गई सूचनाओं के आधार पर डिजिटल संपत्ति कार्ड लोगों को दिए जा रहे हैं। यानी ड्रोन सुशासन और सरकारी कामों की गति बढ़ाने में भी मददगार साबित हो रहे हैं। इनके बल पर एक बड़ा सपना यह देखा जा रहा है कि जल्दी ही भारत ड्रोन के उत्पादन और इस्तेमाल की धुरी बन सकता है। इसका फायदा देश के रोजगार क्षेत्र को भी होगा, ठीक वैसे ही जैसे अस्सी-नब्बे के दशक में जब देश में कंप्यूटर आए तो ये मशीनें न सिर्फ हमारी व्यवस्था और जीवन का जरूरी अंग बन गईं, बल्कि रोजगार का पूरा परिदृश्य ही बदल गया।

विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल की सूची बनाना चाहें, तो कई काम हैं जहां ड्रोन पहले से ही काम में प्रयोग में लिए जा रहे हैं। पुलिस और सेना के लिए निगरानी, गोदामों में सामान पर नजर, जमीनों पर अतिक्रमण का पता लगाने और सर्वेक्षण संबंधी जानकारी जुटाने के लिए, गहरी सुरंगों या ऊंचे टावरों के भीतर जाकर हालात का मुआयना करने, वीडियो या फिल्म की शूटिंग करने आदि के लिए अलग-अलग किस्म के ड्रोन मौजूद हैं। वन्यजीव अभयारण्यों में शिकारियों पर नजर रखने के लिए सबसे पहले काजीरंगा नेशनल पार्क के सुरक्षा अधिकारियों ने वर्ष 2013 में ड्रोन के उपयोग शुरू किया था। खेती बचाने में ड्रोन कैसे उपयोगी साबित हो सकता है, इसकी मिसाल सबसे पहले फ्रांस में देखने को मिली थी। बताते हैं कि फ्रांस के शहर बोर्डेक्स में वाइन बनाने वाली एक कंपनी ने अंगूरों को संक्रमणों से बचाने के लिए कैमरे लगे ड्रोन का इस्तेमाल किया था। ये ड्रोन अपनी उड़ान के दौरान अंगूरों की बेलों की काफी करीब से तस्वीरें खींचते हैं। इससे पता लग जाता है कि कहीं फसलें सड़ने तो नहीं लगी हैं। यदि बात खेलों के सीधे प्रसारण की जाए, तो वर्ष 2012 में रूपर्ट मर्डोक की कंपनी फाक्स स्पोर्ट्स आस्ट्रेलिया ने एक क्रिकेट मैच के प्रसारण के लिए पहली बार एक कैमरा युक्त ड्रोन का इस्तेमाल किया था। वर्ष 2013 में एक रग्बी मैच में भी इस तरह का प्रयोग किया गया। इन हवाई मशीनों के इस तरह के इस्तेमाल से लोगों को अपने मनपसंद खेल को उस कोण से देखने का भी मौका मिलना संभव हो गया जिससे अभी तक वे वंचित थे।

इतना ही नहीं, आठ साल पहले पेट्रोलियम कंपनी बीपी ने अलास्का में एक ड्रोन का इस्तेमाल यह पता लगाने में किया था कि सुदूर सुनसान इलाकों में फैली पाइप लाइनों में किसी किस्म की खराबी तो नहीं आई। कड़कड़ाती ठंड और तेज हवाओं के मद्देनजर पाइप लाइनों पर सतत नजर नहीं रखी जा सकती है। इन स्थितियों में ड्रोन काफी काम आते हैं। प्राकृतिक आपदाओं में भी ड्रोन का बखूबी इस्तेमाल किया जाता है। साल 2013 में उत्तराखंड में विनाशकारी बाढ़ के बाद ड्रोन की मदद से ही पहाड़ों, जंगलों और सुनसान जगहों पर फंसे लोगों की तलाश की गई थी। ड्रोन उन इलाकों में भी जाने में सक्षम होते हैं जहां हेलिकाप्टर नहीं पहुंच पाते हैं। पर इन सारे उदाहरणों से अलग ड्रोन इस्तेमाल को लेकर कुछ खतरे भी सामने आए हैं। खतरा ड्रोन तकनीक का आतंकी हाथों में पड़ जाना और शत्रु देशों द्वारा उनका इस्तेमाल किए जाने को लेकर ज्यादा है। पिछले साल 27 जून को जम्मू के वायुसेना स्टेशन पर ड्रोन से किए गए आतंकी हमले ने इस धारणा को खंडित कर दिया था कि हमारे सैन्य प्रतिष्ठान आसमान के रास्ते की जाने वाली आतंकी कोशिशों से पूरी तरह महफूज हैं। आतंकियों ने सेना के महंगी लागत वाले उपायों को बेहद कम लागत वाले हल्के ड्रोन से विस्फोटक गिरा कर साबित कर दिया था कि व्यवस्था में सेंध लगाने के लिए ऊंची लागत के इंतजामों की जरूरत नहीं है। ड्रोन का इस्तेमाल अगर आतंकी कर पा रहे हैं, तो यह उनके हाथों में परमाणु बम पड़ जाने से कम नहीं है। यह निश्चय ही सेना की ओर बरती जा रही सावधानी का नतीजा है कि आतंकवादी अब किसी जगह पर कोई वारदात खुद सामने आकर करने से पहले सौ बार सोचते हैं। किसी सार्वजनिक स्थान या राष्ट्रीय महत्त्व के सरकारी अथवा सैन्य प्रतिष्ठान की सुरक्षा में सेंध लगाना आतंकियों के लिए पहले जैसा आसान नहीं रह गया है। ऐसा करने में उन्हें भारी जोखिम उठाना पड़ता है और मारे जाने का खतरा भी रहता है। लेकिन ड्रोन ने अब उन्हें वे हाथ-पांव दे दिए हैं, जिनके सहारे वे ज्यादा कोई जोखिम लिए बिना सुरक्षा में सेंध लगा सकते हैं और हमले कर सकते हैं।

आज के हालात में किसी भी स्थान को आतंकियों के दायरे से बाहर नहीं माना जा सकता। ड्रोन से किए जाने वाले हमलों में आतंकियों को मारे या पकड़े जाने का डर नहीं होता है। फिर यह उपाय है भी कम खर्चीला। इन हमलों में सीमा पार के आतंकी संगठनों की संलिप्तता को उजागर करना भी थोड़ा मुश्किल है। चूंकि ड्रोन बेहद कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, इसलिए राडार की जद में भी नहीं आते। ऐसे में विशेषज्ञों का यह आकलन निराधार नहीं है कि भविष्य में ड्रोन हमलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। जहां तक आतंकियों के भेजे ड्रोन से मुकाबले का सवाल है तो भारतीय सेना छोटे आकार के कुछ इजरायली ड्रोन (स्मैश-200 प्लस) का आयात कर रही है। इन्हें बंदूकों या राइफलों पर लगाया जा सकता है। इनसे हमलावर छोटे ड्रोन को आसानी से निशाना बनाया जा सकता है। फिलहाल हमारा देश ऐसे खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं है। लेकिन इन घटनाओं से सबक लेकर यदि बेहद कड़े प्रबंध किए जाते हैं और आतंकी मनसूबों को धराशायी किया जाता है, तो भी यह राहत की बात होगी। निश्चय ही यह काम नीतिगत स्तर पर ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देकर और सरकारी तंत्र की गंभीर कोशिशों के साथ संपन्न होगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि बात को ड्रोन महोत्सवों से आगे बढ़ाया जाए और योजनाओं को त्वरित गति के साथ अमली जामा पहनाया जाए।

जरूरी है अन्न का संरक्षण

अतुल कनक

दुनिया में कुल बर्बाद किए जाने वाले भोजन में इकसठ फीसद मात्रा घरेलू भोजन की है। इतना ही नहीं, हर साल करीब साठ लाख गिलास दूध तक बेकार बहा दिया जाता है। यह चिंता की बात इसलिए है कि अगले चार दशकों में दुनिया में चालीस करोड़ लोग भुखमरी के संकट का सामना कर रहे होंगे।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में खाद्यान्न संकट तेजी से गहराता जा रहा है। यही हाल रहा तो सन 2050 तक दुनिया भर में अन्न के लिए संघर्ष की स्थिति आ जाएगी। यदि रोटी को मनुष्य की एक बुनियादी जरूरत मानी गई है तो खाद्यान्न उस जरूरत को पूरा करने वाला अनिवार्य अवयव है। ऐसे में मनुष्यता को बचाने के लिए खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धि सुनिश्चित करना जरूरी हो जाता है। लेकिन हाल में संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर चिंता जता दी है कि मौजूदा हालात में दुनिया के पास केवल सत्तर दिन का अन्न भंडारण बचा है। निश्चित रूप से यूक्रेन पर रूस के हमले ने हालात भयावह बना डाले हैं। रूस और यूक्रेन मिल कर दुनिया को एक चौथाई अनाज की आपूर्ति करते हैं। लेकिन रूस के हमले ने यूक्रेन की व्यवस्थाओं को तहस-नहस कर डाला है। यह वही यूक्रेन है, जिसे उसकी खाद्यान्न उत्पादन क्षमताओं के कारण यूरोप की रोटी की टोकरी कहा जाता है। पिछले मौसम में रूस में गेहूं की अच्छी पैदावार हुई है, जबकि प्राकृतिक प्रकोपों के कारण अमेरिका और यूरोप के देशों में अन्न कम हुआ है। इस स्थिति ने दुनिया की रूस पर निर्भरता बढ़ा दी है। उधर, भारत द्वारा गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के कारण उन देशों के चेहरे मायूस हैं जो ऐसी स्थिति में भारत से अतिरिक्त मदद की उम्मीद लगाए थे। हालांकि गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के भारत के अपने कारण हैं। किसी भी देश की लोकतांत्रिक सरकार का पहला कर्तव्य यह होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करे। पड़ोसी देश श्रीलंका में पैदा हुए खाद्यान्न संकट और दुनिया में खाद्यान्न की बढ़ती किल्लत को देखते हुए भारत सरकार को यह आवश्यक लगा कि पहले देश की खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ऐसे में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाना ही एक विकल्प था। खाद्यान्न संकट किसी भी समाज को किस तरह त्रस्त और पस्त कर

सकता है, श्रीलंका का उदाहरण इसका प्रमाण है, जहां भोजन की कमी से जूझ रहे लोगों को हिंसक प्रदर्शनों के लिए मजबूर होना पड़ गया।

दुनिया में जब आबादी का बड़ा हिस्सा जरूरत भर अन्न की चिंता में जीवन गुजार देता हो, तब ऐसे में अन्न की बबार्दी चिंता का विषय बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में बनाए जाने वाले कुल भोजन का एक तिहाई हिस्सा अभी भी बर्बाद ही जाता है। यह बबार्दी या तो थाली में जूठन छोड़ दिए जाने के कारण होती है, या बचा हुआ भोजन फेंक देने या उसके खराब हो जाने के कारण होती है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जितना भोजन इस तरह खराब होता है, उससे दो अरब लोगों का पेट भरा जा सकता है। भारतीय समाज में भोजन या अन्न की बबार्दी को शुभ नहीं माना जाता, लेकिन अध्ययन में सामने आया है कि भारत में इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिवर्ष अनाज, सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ बर्बाद कर दिए जाते हैं कि उतनी मात्रा से बिहार जैसे राज्य की आबादी की साल भर की जरूरत पूरी की जा सकती है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की फसल अनुसंधान इकाई सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग (सीफैट) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल करीब सड़सठ लाख टन खाद्य पदार्थों की बबार्दी होती है। इस बर्बाद हुए भोजन की कीमत बानवे हजार करोड़ रुपए बैठती है। महत्त्वपूर्ण यह है कि जितना खाद्य पदार्थ भारत में बर्बाद हो जाता है, उतनी तो ब्रिटेन की कुल उत्पादन क्षमता है।

यही कारण है कि दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर का सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादन देश होने के बावजूद भारत में अन्न वितरण की स्थिति कई बार बहुत सुखद प्रतीत नहीं होती। बची हुई भोजन सामग्री के अलावा फल, सब्जियों और अन्न के बर्बाद होने के पीछे उन्हें संग्रहित करने की सुचारू और पर्याप्त व्यवस्था का अभाव भी है। शीत गृहों की कमी के कारण भी हर साल बाईस प्रतिशत फल और सब्जियां खराब होने पर फेंक दी जाती हैं। गोदामों में भरा गेहूं सड़ने की तस्वीरें तो अखबारों में अक्सर छपती रहती हैं। निश्चित रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों में खाद्यान्न आपूर्ति चरमरा गई है, लेकिन सच तो यह है कि इस युद्ध ने केवल उस भयावहता की एक झलक दिखाई है जिसका सामना आने वाले वर्षों में दुनिया को करना पड़ सकता है। दरअसल, दुनिया में तेजी से बढ़ती आबादी के कारण रिहायशी मकानों और अन्य निमार्णों की जरूरत बढ़ती जा रही है। आमतौर पर विकास की हर योजना संबंधित क्षेत्र की कृषि भूमि का एक महत्त्वपूर्ण हिस्से का गला घोंटती है। योजना चाहे नवीन राजमार्गों के निर्माण की हो अथवा शहर के बाहर किसी औद्योगिक इकाई की स्थापना की या फिर किसी नई आवासीय योजना की।

परिणाम यह हो रहा है कि जहां खाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं कृषि योग्य भूमि का रकबा लगातार घटता जा रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार साल 2050 तक दुनिया की आबादी एक हजार करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। यानी साल 2017 के आंकड़ों से तुलना करें तो साल 2050 में सत्तर प्रतिशत अधिक भोजन की आवश्यकता होगी। जबकि पृथ्वी से हर साल सात सौ पचास करोड़ टन उपजाऊ मिट्टी खत्म हो रही है। जाहिर है, जल्दी ही सार्थक विकल्प नहीं खोजे गए तो संपूर्ण आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उत्पादन का बड़ा संकट खड़ा होगा।

दिलीप घोष को चुप कराने से क्या बंगाल में असंतोष को थाम सकेगी भाजपा?

पश्चिम बंगाल भाजपा में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। विधानसभा चुनावों के बाद से पार्टी के बिगड़ते हालात के लिए राज्य इकाई के वरिष्ठ नेता जहां युवा नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं तो वहीं युवा नेता वरिष्ठ नेताओं पर हमले बोल रहे हैं। आखिरकार अब भाजपा आलाकमान ने हस्तक्षेप करते हुए आपसी वाद-विवाद को खत्म कराने के लिए बड़ा कदम उठाया है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के अपने वरिष्ठ नेता दिलीप घोष की पार्टी की राज्य इकाई के खिलाफ "आलोचनात्मक" टिप्पणियों पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए उन्हें आगाह किया कि उनका आचरण "अस्वीकार्य" है। भाजपा ने दिलीप घोष को लिखे एक कड़े पत्र में कहा है कि उनकी आलोचनात्मक टिप्पणियों से न केवल पार्टी को नुकसान होगा बल्कि यह उनकी अतीत की कड़ी मेहनत को भी निष्फल कर देगा।

हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने अपने उत्तराधिकारी सुकांत मजूमदार पर निशाना साधते हुए उन्हें ऐसा "अनुभवहीन" नेता करार दिया जो "हाल ही में" परिदृश्य में आए हैं। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने तीखे शब्दों में दिलीप घोष को लिखे पत्र में उन्हें सार्वजनिक मंचों पर पार्टी नेताओं के खिलाफ बोलने को लेकर आगाह किया है। अरुण सिंह ने कहा कि यह पत्र पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के निर्देश पर जारी किया गया है।

हालांकि, दिलीप घोष ने दावा किया है कि उन्हें अभी तक ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है और इस बात पर आश्चर्य भी जताया है कि पत्र उन्हें मिलने से पहले ही मीडिया तक कैसे पहुंच गया। जहां तक इस पत्र की बात है तो इसमें भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने कहा है कि इस तरह के बयानों से पार्टी की होने वाली गहरी पीड़ा और चिंता से वह दिलीप घोष को अवगत कराना चाहते हैं और "आपको सलाह देते हैं कि पश्चिम बंगाल में या कहीं भी अपने सहयोगियों के बारे में सार्वजनिक मंचों या मीडिया में टिप्पणी करने से परहेज करें। अरुण सिंह ने पत्र में कहा, इस तरह की टिप्पणियों से सिर्फ पार्टी को ही नुकसान होगा और अतीत में की गयी आपकी खुद की मेहनत भी निष्फल हो जाएगी। इसके अलावा, आपके कद के व्यक्ति जो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, उनके द्वारा इस तरह के बयानों से पार्टी कार्यकताओं के बीच गहरा असंतोष, अशांति और अलगाव पैदा हो सकता है। अरुण सिंह ने पत्र में कहा है कि भाजपा का

राष्ट्रीय नेतृत्व मीडिया के जरिए ऐसे बयान जारी करने से काफी चिंतित है। अरुण सिंह ने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल राज्य भाजपा के अध्यक्ष के रूप में आपके द्वारा शुरू किए गए सराहनीय कार्यों को जारी रखने के लिए दिशा, समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आपकी ओर देखते हैं। अरुण सिंह ने कहा कि कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं जब आपके कुछ "बयानों ने राज्य के पार्टी नेताओं को दुख पहुंचाया है और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भी शर्मिंदा किया है।" हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष के रूप में दिलीप घोष का कार्यकाल बेहद सफल माना जाता है। भाजपा की बंगाल इकाई के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने ट्विटर पर कहा कि यह घटनाक्रम भाजपा खेमे में एकता की कमी को दशार्ता है। टीएमसी ने ट्वीट किया, "हमने पहले भी कहा है और इसे फिर से कहेंगे कि भाजपा ने ताश के पत्तों का घर बनाया है जो तेजी से गिर रहा है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिलीप घोष की निंदा उनकी पार्टी में संगठनात्मक एकता की कमी की ओर इशारा करता है। टीएमसी ने कहा कि अपने रेत के महल को समुद्र से बचाएं।'

यही नहीं तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष का एक तरह से समर्थन करते हुए यह भी कहा है कि दिलीप घोष को अन्य राज्यों में जिम्मेदारी देकर उनकी पार्टी के नेतृत्व द्वारा उन्हें बंगाल से बाहर किए जाने का प्रयास किया जा रहा है और इसका उन्हें विरोध करना चाहिए। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने पिछले सप्ताह कहा था, "दिलीप घोष एक प्रिय मित्र हैं। मुझे उनके लिए बुरा लगता है। उनके साथ हुआ अन्याय अनुचित है।" उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि उन्हें इस अन्याय का विरोध करना चाहिए। हम चाहते हैं कि वह बंगाल में रहें। वहीं, टीएमसी महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा नेता दिलीप घोष को "पार्टी नेताओं के एक वर्ग द्वारा उन्हें दरकिनार किए जाने की चाल का विरोध करना चाहिए।"

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, "पार्टी में अन्य लोगों द्वारा दिलीप घोष के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। दिलीप घोष को इसका विरोध करना चाहिए, उन्हें हमारा पूरा समर्थन है।" हालांकि, दिलीप घोष ने टीएमसी नेताओं के बयानों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी और कहा कि अन्य राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें या किसी अन्य नेता को सौंपने का निर्णय भाजपा की सामान्य कार्यशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा, "यह कोई असाधारण निर्णय नहीं है। नेताओं और राष्ट्रीय पदाधिकारियों को अकसर अन्य राज्यों में जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं पश्चिम बंगाल में संगठनात्मक मामले नहीं देख सकता।" वहीं, प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, "टीएमसी जैसी क्षेत्रीय पार्टी कभी भी राष्ट्रीय पार्टी के कामकाज को नहीं समझ सकती है।" उन्होंने कहा, "जो लोग किसी राष्ट्रीय पार्टी के कामकाज को नहीं समझते हैं और कभी भी किसी अखिल भारतीय पार्टी का हिस्सा नहीं रहे हैं, वे इस तरह की टिप्पणी करते हैं।"

क्या सूर्य सच में बूढ़ा हो रहा है

उसकी मौत का दावा करने लगे हैं वैज्ञानिक



नई दिल्ली। अंतरिक्ष में कई ऐसी रहस्यमयी चीजें हैं जिनके बारे में वैज्ञानिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। अब इस बीच वैज्ञानिकों के हाथ एक ऐसी तस्वीर लगी है जिससे उन्हें सूर्य को लेकर नई जानकारियां मिली हैं। इस तस्वीर को वॉशिंगटन नासा के हबल टेलीस्कोप ने ली है। आखिर सूर्य की मौत कैसे होगी इसका अनुमान इस तस्वीर से लग सकता है। सूर्य का अंत कैसे होगा? यह एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है जिसके बारे में वैज्ञानिक लगातार रिसर्च कर रहे हैं। यह सभी को पता है कि सूर्य आखिरी में एक 'व्हाइट ड्वार्फ' में बदल जाएगा। इसका मतलब यह है कि एक जल चुके तारे का अवशेष जिसका प्रकाश मंद होते होते अंधकार में तब्दील हो जाएगा। सूर्य 4.5 अरब साल पहले बना था। यह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों की एक गर्म गेंद है। सूर्य ने अपने जीवनकाल की आधी उम्र पूरी कर ली है। सूर्य का व्यास करीब 864,000 मील और इसकी सतह का तापमान करीब 10,000 डिग्री फारेनहाइट है। आईए जानते हैं आखिर सूर्य की मौत कैसे होगी? सूर्य की तरह ही एनजीसी 2438 प्लैनेटरी नेब्युला एक तारा है। यह पृथ्वी से करीब 1,370 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। प्लैनेटरी नेब्युला एक विशाल गैस का बादल है। यह सूर्य जैसे समाप्त होने वाले तारों से निकलता है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सूर्य का हाइड्रोजन उसके जीवनकाल के आखिरी समय में समाप्त हो जाएगा। इसकी वजह से सूर्य अस्थिर हो जाएगा और सफेद गोले के रूप में खत्म हो जाएगा।

वॉशिंगटन नासा के हबल टेलीस्कोप द्वारा ली गई तस्वीर में कई रंग नजर आए हैं जो सनस्पॉट और अन्य घटनाओं की वजह से सूर्य की चमक अन्य तारों की तुलना में बहुत कम सक्रिय मालूम पड़ती है। इस फोटो में नीले रंग का मतलब ऑक्सीजन है, हरे का हाइड्रोजन, नारंगी का नाइट्रोजन और लाल रंग का मतलब सल्फर है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप को साल 1990 में लॉन्च किया था। इसको पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा गया था। अक्सर हबल टेलीस्कोप द्वारा ली गई स्पेस की अद्भुत तस्वीरें सामने आती रहती हैं। इन तस्वीरों को नासा के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखा जा सकता है।

यहां नया साल कब्रिस्तान में मनाया जाता है

वजह है काफी हैरान कर देने वाला

सेंटियागो। कहा गया है कि समय किसी के लिए कभी रुकता नहीं है। ये अपनी रफ्तार से चलता रहता है। जब नया साल आता है तो लोग काफी उत्साह के साथ इसका स्वागत करते हैं और अपने लोगों के साथ खुशियां मनाते हैं। कई सारे लोग नए साल में नए लक्ष्य को पाने की योजना बनाते हैं और उसको पाने के लिए मेहनत के साथ लग जाते हैं। दुनिया भर के लोगों ने नए साल को खूब धूमधाम से मनाया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां नए साल का स्वागत लोग कब्रिस्तान को सजा कर करते हैं। लोग यहां अपने लोगों की कब्रों के साथ नए साल का जश्न मनाते हैं। लोग कब्रों को सजाते हैं और उनकी बगल में सोते हैं। दुनिया में चिली एक ऐसा देश है जहां के लोग नए साल का जश्न अपने परिवार के उन लोगों के साथ मनाते हैं जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। ऐसी मान्यता है कि उनके परिजन नए साल की विदाई और नए साल का स्वागत करने के लिए अपनी कब्रों में लौट आते हैं। इस दिन यहां के लोग अपने घरों को तो सजाते ही हैं साथ ही कब्रिस्तानों में भी सजावट की जाती है और आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया जाता है। लोग अपने पूर्वजों के के कब्र को अच्छे से सजाते है और वहीं बिस्तर लगाकर सो जाते हैं। ये हैरानी वाली बात हैं कि दुनिया भर में चिली ही एक ऐसा देश है जहां शहर तो सजाए ही जाते हैं, कब्रिस्तान भी रौशनी से जगमगाते हैं। नए साल पर यहां के लोग कब्रिस्तान में ही पाए जाते हैं। यहां के लोग पुराने साल की विदाई और नए साल का स्वागत कब्रिस्तान में ही करते हैं। लोगों में ऐसी मान्यता है कि भले ही उनके परिवार के लोग अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अगर उनके साथ नए साल का स्वागत किया जाएगा तो उनका भाग्य पूरे साल उनका साथ देगा। नए साल से एक दिन पहले यहां के लोग एक चम्मच में दाल रखते हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से आने वाले नए साल में समृद्धि बनी रहती है। इस देश में नए साल पर जूते के नीचे पैसे रखने का भी रिवाज है।

स्वप्न में यदि दिखाई दे ये सब...

समझिए कि होने वाली हैं ये घटनाएं

नई दिल्ली। सपने हर मनुष्य के जीवन का एक हिस्सा है। जब सभी निद्रावस्था में प्रवेश करते हैं तो उस अवचेतन स्थिति में हम सपनों की दुनियां में पहुंच जाते हैं। जागने के बाद कुछ सपने याद रह जाते हैं और कुछ सपने हम भूल जाते हैं। कभी-कभी कुछ सपने ऐसे होते हैं, जिन्हें भूलना मुश्किल हो जाता है और वो पूरे दिन हमारे मन मस्तिष्क पर छाए रहते हैं। साथ ही हमें उन सपनों का मतलब भी नहीं पता होता है कि आखिर इस तरह के सपने हमें क्यों आए। स्वप्न शास्त्र के अनुसार हर सपना व्यक्ति को कोई न कोई संकेत अवश्य देता है।

कई बार सोते समय हमें ऐसे सपने दिखाई देते हैं जो बहुत अजीब होते हैं। ऐसे में अगर अच्छे-बुरे सपनों के बारे में पहले से पता हो तो भविष्य में होने वाली घटनाओंके प्रति सजग रहा जा सकता है। साथ ही उनके खराब प्रभाव को कुछ उपायों के जरिए कम किया जा सकता है। कभी-कभी सपने में देवी-देवता या मंदिर भी दिखाई दे जाते हैं।

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में खुद को भगवान की पूजा करते हुए देखना बेहद शुभ संकेत होता है। अगर आप सपने में ऐसा कुछ देखते हैं, तो समझ जाइए कि आपके साथ कुछ अच्छा होने वाला है। जीवन के सभी कष्ट दूर होने वाले हैं।

कहा जाता है कि सपने में मंदिर का दिखना भविष्य में कुछ घटित होने वाली बड़ी घटनाओं की ओर इशारा करती है। जानकारों का कहना है कि अगर ऐसा सपना दिखाई दे तो व्यक्ति को मंदिर जाकर दान करना चाहिए। इससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आपको सपने में शेर पर सवार मां दुर्गा दिखाई दें, तो इसका मतलब जीवन से सभी परेशानियां खत्म होने वाली हैं और अच्छा समय शुरू होने वाला है।

कमल के पुष्प पर विराजमान मां लक्ष्मी दिखाई दें, तो ये आपके लिए बहुत ही शुभ संकेत हो सकते हैं। सपने में मां लक्ष्मी को देखना धन लाभ को दशार्ता है। ऐसे सपने का मतलब है कि मां लक्ष्मी की कृपा से आपका अटका हुआ धन वापस मिलने वाला है।

एलियंस अब करने लगे जासूसी

अमेरिका के आसमान में दिखे तीन यूएफओ

न्यूयार्क। एलियंस को लेकर इन दिनों बहस तेज हो गई है। आए दिन एलियंस और यूएफओ को लेकर नए-नए दावे किए जाते हैं। दुनिया में एलियंस को लेकर आज भी रहस्य बरकरार है। इस परग्रही जीव के बारे में ऐसे अजीबोगरीब दावे किए जाते हैं जिनके बारे में जानकर वैज्ञानिक भी हैरत में पड़ जाते हैं। कई बार लोग ऐसे दावे करते हैं जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है।

क्या ब्रह्मांड में एलियन का कोई अस्तित्व है? इस रहस्य को जानने के लिए दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से रिसर्च कर रहे हैं। लेकिन उन्हें अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिल पाया है। हालांकि आए दिन एलियन को लेकर नए-नए दावे किए जाते हैं। कुछ दिनों पहले ही रहस्यमयी यूएफओ और एलियंस को लेकर पेंटागन ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में कई जानकारियां दी थी। इसके साथ ही अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने पहली बार दुनिया के सामने यूएफओ के दो वीडियो जारी किए थे। अब इस बीच एक वीडियो सामने आया है जिसमें कुछ रहस्यमय चीजें दिख रही हैं। दावा किया है कि अमेरिका के आसमान में दिखने वाली ये ये चमकदार चीजें तीन यूएफओ हैं। अमेरिकी सेना के एक हेलिकॉप्टर से इन रहस्यमयी चीजों को रिकॉर्ड किया गया था।

बताया जा रहा है कि 6 नवंबर 2018 को इन चीजों को रिकॉर्ड किया गया था जो एरिजोना के टक्सन से करीब 40 मील उत्तर पश्चिम में देखी गई थीं। पहले भी कई लोगों ने यूएफओ और एलियंस के अस्तित्व को लेकर ऐसे दावे किए हैं जो हैरान करने वाले हैं। हालांकि किसी के पास इसके कोई सबूत नहीं हैं। वीडियो में दिख रहा है कि एक अपाचे हेलिकॉप्टर टेकऑफ करने वाला है। इसी दौरान एयरक्राफ्ट के को-पायलट को आसमान में तीन चमकती और रहस्यमयी चीजें दिखाई देती हैं। रहस्यमयी रोशनी को देखने के बाद को-पायलट हैरान हो जाते हैं। वह कहते हैं क्या तीनों तेजी से उड़ने वाले लड़ाकू विमान हैं? इसके जवाब में अपाचे के पायलट ने कहा कि हो सकता है अ-10 या ऋ16 फाइटर प्लेन हों। अमेरिकी नौसेना के पायलटों ने दो दशक के दौरान जिन वीडियो को रिकॉर्ड किया है ये उनसे मिलता जुलता है।

अमेरिकी एयरफोर्स फाइटर पायलट क्रिस लेहतो ने एक वेबसाइट से बात की है और इस बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि वह 'ऋ16 या ऋअ-18 लड़ाकू विमान से भी तेज उड़ रहा था। इससे पहले भी अमेरिकी सीमाओं पर यूएफओ देखने के दावे किए गए हैं। रिटायर्ड होमलैंड सिक्योरिटी एजेंट रॉबर्ट 'बॉब' थॉमसन ने भी इस वेबसाइट से बात की है।

थॉमसन का कहना है कि 'दर्जनों' एजेंट्स से बातचीत की है जिन्होंने आसमान में यूएफओ देखे हैं। थॉमसन ने 11 साल तक सेना में कार्य किया है। उनका कहना है कि इन रहस्यमय चीजों को लेकर दूसरे लोगों में भी चिंता है। थॉमसम का दावा है कुछ ऑब्जेक्ट इतने वास्तविक थे जिनके बारे में बताया नहीं जा सकता।

हंसगुल्ले

आधार कार्ड का ऑफिस बंद था, कार्ड बनवाने के लिए लम्बी लाइन लगी हुई थी, एक आदमी बार-बार लाइन में आगे जाने की कोशिश कर रहा था, लोग उसे पीछे पकड़ कर खींच देते थे, उसने 4-5 बार कोशिश की, फिर हारकर उसने बोला, लगे रहो लाइन में, आज ऑफिस ही नहीं खोलूंगा।

यात्री- क्या, मैं एक सिगरेट पी सकता हूं ?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना मना है!
यात्री- फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे हैं ?
स्टेशन मास्टर-ये उन लोगों के हैं जो पूछते नहीं हैं..

गर्लफ्रेंड- काढ़ा पीने के बाद तुम्हारी इम्युनिटी कितनी बढ़ी?
बॉयफ्रेंड- बहुत...पहले तो झगड़े में 10 मिनट में सांस फूल जाती थी, अब 4-5 घंटे आराम से झगड़ लेता हूं।

हिटलर ने तम्बाकू सेवन पर लगाया था बैन

भाषण देने की कला में माहिर था, लोग उसकी बातों से प्रभावित होते थे

बर्लिन। जर्मनी के खूंखार तानाशाह एडोल्फ हिटलर के बारे में शायद ही कोई ऐसा हो जो नहीं जानता हो। 20 अप्रैल 1889 को ऑस्ट्रिया में जन्मे एडोल्फ हिटलर ने प्रारंभिक शिक्षा लिंज में ली थी। 18 साल की उम्र में ही हिटलर ने अपने माता-पिता को खो दिया था। हिटलर को कला क्षेत्र में काफी रुचि थी और वह ड्राइंग बनाना पसंद करता था। उसने अपने शौक को पूरा करने के लिए स्कूल ऑफ आर्ट्स में दाखिला लेने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। इसके बाद राजनीति की तरफ उसका झुकाव हो गया।

एडोल्फ हिटलर अपनी जीविका पोस्टकार्ड पर चित्र बनाकर चलाता था। इसी दौरान वह यहूदियों और समाजवादियों से नफरत करने लगा था। यह वह दौर था जब पूरी दुनिया में अशांति मची हुई थी। प्रथम विश्व युद्ध की मार दुनिया झेल रही थी। सेना में भर्ती होकर हिटलर भी जर्मनी की ओर जंग लड़ रहा था। इस जंग में जर्मनी की हार हुई थी।

इस युद्ध के बाद एडोल्फ हिटलर ने सेना की नौकरी छोड़ दी और जर्मन वर्कर पार्टी में शामिल हो गई। बाद में यह पार्टी बाद नाजी पार्टी बन गई और इसने पूरे देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाने का कार्य किया। हिटलर ने यहूदियों और सामाजवादियों के खिलाफ लोगों को भड़काने की शुरूआत की। हिटलर इतना अच्छा भाषण देता था कि कई समझदार लोग भी उसके गलत मंसूबों से प्रभावित हो जाते थे। इसकी वजह से उसने धीरे-धीरे विशाल जनसमर्थन हासिल कर लिया। 1930 से 32 जर्मनी के आर्थिक हालत बेहद खराब थे। इसकी वजह से गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही थी। हिटलर ने इसका फायदा अपने प्रचार-प्रसार के लिया उठाया और उसे लोगों का जनसमर्थन मिलने लगा। धीर-धीरे वह सत्ता के केंद्र में आ गया और खुद को जर्मनी का राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायाधीश घोषित कर दिया। इस दौरान जर्मनी में कई लोग नशे और तंबाकू की लत के शिकार थे। इसको देखते हुए तानाशाह हिटलर ने जर्मनी में बड़े स्तर पर तंबाकू के खिलाफ अभियान की शुरूआत की थी। साल 1930 से 40 के बीच यह अभियान चलाया गया। इस दौरान हिटलर ने सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू और सिगरेट पीने पर रोक लगा दी। इसके साथ सभी प्रकार के धूम्रपान से संबंधित विज्ञापनों पर भी रोक लगा दिया। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि हिटलर तंबाकू, शराब और सिगरेट का सेवन नहीं करता था। हालांकि बताया जाता है कि वह कोकीन लेता था। इस दौरान हिटलर यहूदियों की चुन चुन कर हत्या करवा रहा था। इसके साथ ही वह जर्मनी की सैन्य शक्ति बढ़ाने लगा। बड़े पैमाने पर सेना में लोगों को भर्ती किया जाने लगा। हिटलर ने कई संधियों को तोड़ दिया और उसने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत कई देशों पर हमले किए। इसकी वजह से द्वितीय विश्व युद्ध की शुरूआत हुई।

हिटलर के विस्तार और शक्ति में तेजी से वृद्धि होने लगी। यह देखकर कई बड़े देशों ने हिटलर को मात देने के लिए हाथ मिला लिया और उसके खिलाफ लड़ने लगे। इसकी वजह से हिटलर का प्रभाव कम होने लगा। आखिरकार अमेरिकी सेना साल 1945 में हिटलर को पकड़ने के लिए जर्मनी में घुस गई, लेकिन हिटलर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

भारतीय सिनेमा

रिया चक्रवर्ती को कोर्ट से मिली विदेश यात्रा की इजाजत

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत केस की जांच करते हुए ड्रग्स मामले में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती का नाम भी सामने आया था। एक्ट्रेस को आरोपी माना गया था और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। करीब एक महीना जेल में रहने के बाद एक्ट्रेस को बेल मिली थी लेकिन उन्हें विदेश यात्रा करने की अनुमति कोर्ट ने नहीं दी थी। एनसीबी ने गिरफ्तारी के दौरान ही एक्ट्रेस का पासपोर्ट जमा करा लिया था। लेकिन अब मुंबई की अदालत से उन्हें इस मामले में राहत मिल गई है। कोर्ट ने उन्हें सशर्त विदेश जाने की इजाजत दी है। रिया चक्रवर्ती के वकील ने कोर्ट में अर्जी दी थी कि एक्ट्रेस को आईफा अवॉर्ड के लिए 2 जून से लेकर 8 जून तक अबू धाबी जाना है और इसके लिए उन्हें पासपोर्ट वापिस किया जाए। उनके वकील ने कोर्ट में आगे कहा कि आईफा के निदेशक और सह-संस्थापक ने रिया को ग्रीन कार्पेट पर चलने और 3 जून को अवॉर्ड देने और 4 जून को इवेंट में शामिल होने व मेजबानी करने के लिए इन्वाइट भेजा है। एक्ट्रेस के वकील ने कहा, इस केस की वजह से पहले से ही एक्ट्रेस के एक्टिंग करियर को कई झटके लग चुके हैं और उन्हें फाइनेंशियल नुकसान भी पहुंचा है। इसलिए इस तरह के अवसर को वह खोना नहीं चाहती हैं और इस इवेंट में शामिल होना चाहती हैं। कोर्ट से गुजारिश है कि एक्ट्रेस को विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत दी जाए। मुंबई की कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती के वकील की अर्जी को मान लिया और उन्हें विदेश यात्रा की इजाजत दे दी गई। साथ ही अदालत ने एक शर्त भी रखी है। इसमें कहा गया, एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को अबू धाबी के इंडियन एबेसी जाकर रोजाना हाजिरी लगानी होगी और उस हाजिरी की शीट को 6 जून को कोर्ट के सामने पेश करना होगा। बता दें, सुशांत सिंह राजपूत केस में निकले ड्रग्स एंगल में एनसीबी ने रिया चक्रवर्ती से कड़ी पूछताछ की थी। इस मामले में उन्हें कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर 8 सितंबर 2020 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। कोर्ट ने रिया को जेल कस्टडी में भेज दिया था। फिर करीब एक महीने बाद यानी 7 अक्टूबर को रिया को हाईकोर्ट ने जमानत दी थी।

शैलेश सिंह ने की 20वीं फिल्म 'सेतु' की घोषणा

इंदौर। तनु वेड्स मनु, शाहिद, अलीगढ़, मदारी, जजमेंटल है क्या, ओमेर्टा, थलाइवी और कई अन्य प्रसिद्ध और फैंस तथा दर्शकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों को प्रोड्यूस करने के बाद, जाने-माने प्रोड्यूसर शैलेश आर सिंह अपनी अगली फिल्म 'सेतु' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विशाल चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, सेतु सबका ध्यान आकर्षित करने के लिए काफी होगी, जो कि वर्ष 2004 में सेतु समुद्र प्रोजेक्ट को मंजूरी देने और वर्ष 2007 में उस पर पारित अंतरिम निर्णय पर आधारित रोमांचक कोर्ट रूम ड्रामा होगी। 'सेतु' एक आम आदमी की कहानी है, जो भारतीय राज्य द्वारा 'सेतु समुद्रम् प्रोजेक्ट' पर लिए गए निर्णय से बहुत आहत हो जाता है। उसे लगता है कि यह प्रोजेक्ट उसके अस्तित्व पर सवाल उठा रहा है और यह बात उसे भावनात्मक रूप से इतना झकझोर देती है कि वह जमीनी स्तर पर सरकार को और कानून की अदालत में इसके लिए चुनौती देने का फैसला करता है। दिलचस्प बात यह है कि 'सेतु' शैलेश आर सिंह के कर्मा मीडिया का 20वाँ प्रोजेक्ट है। अपने प्रोडक्शन हाउस के माध्यम से हमेशा दिलचस्प और अनोखी कहानियों को सामने लाने के लिए पहचाने जाने वाले, शैलेश आर सिंह कहते हैं, जब यह फिल्म पहली बार मेरे पास आई, तो मुझे इसे बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं थी, क्योंकि पहले से ही इस विषय पर एक फिल्म और बन रही है। लेकिन जब विशाल (निर्देशक) ने मुझे विस्तार से इस विषय पर अपने विचार के बारे में बताया, तो इसने मुझे वास्तव में बहुत प्रभावित किया! यह फिल्म मेरे लिए विश्वास, सत्य और असत्य से परे है। फिल्म को सबसे अनोखे तरीके से निर्देशित करने का जिम्मा उठाने के बारे में बात करते हुए, निर्देशक विशाल चतुर्वेदी कहते हैं, श्मेरे लिए भारत का मूल इसकी संस्कृति, परंपराओं, विश्वास प्रणाली और इसके प्रावीन इतिहास में निहित है। अगर आप इन चीजों को हटा दें, भारत किसी भी अन्य देश की तरह ही होगा। जब वर्ष 2004 में सेतु समुद्रम् प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी, तो मुझे इतना दु:ख हुआ कि मैंने प्रासंगिक तथ्यों का पता लगाने के लिए जानकारियाँ प्राप्त करना शुरू कर दीं। कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के सहयोग से प्रस्तुत, शैलेश आर सिंह, पोलेरॉइड मीडिया और वॉल क्राफ्ट मीडिया द्वारा निर्मित की जा रही 'सेतु' की शूटिंग 2022 के अंत में शुरू होगी और दिवाली 2023 पर रिलीज होगी। फिल्म के मुख्य किरदारों की घोषणा जल्द की जाएगी।

अजय देवगन से भाषा पर बहस का किच्चा ने अब दिया जवाब



नई दिल्ली। साउथ फिल्में आरआरआर, केजीएफ 2 के हिट होने के बाद साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री में भाषा को लेकर विवाद हो गया था। दोनों ही इंडस्ट्री के स्टार्स इस विवाद में अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। दरअसल, साउथ एक्टर किच्चा सुदीप ने कहा था कि हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है। इसके बाद एक्टर अजय देवगन ने ट्वीट कर लिखा था कि अगर हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा नहीं है तो आप हिंदी में डब करके फिल्में रिलीज क्यों करते हैं। अब इस पूरे मामले पर एक्टर किच्चा सुदीप ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में इस बारे में बात की है। एक्टर किच्चा सुदीप ने इंटरव्यू में कहा, अजय सर और मैं दो ऐसे इंसान हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री देखी है। उन्होंने मुझसे ज्यादा देखी है। हम बड़े हो गए हैं और हम समझते हैं कि क्या है। हम ब्लैक एंड व्हाइट के बारे में बात कर रहे थे और हम ग्रे के साथ समझौता नहीं करना चाहते थे। बहुत सारे लोगों ने इस मुद्दे पर बात की लेकिन किसी ने भी मुझे टैग नहीं किया। मेरा विचार किसी एजेंडा को बढ़ावा देना नहीं था बल्कि वह मेरी राय थी, जिसे मैंने सम्मान के साथ रखा। एक्टर ने आगे कहा, अजय देवगन सर ने मुझसे सवाल किया था और मैं जवाब देना चाहता था। सवाल हिंदी में था लेकिन मैंने अंग्रेजी में जवाब दिया। ताकि हर कोई मेरी बात को समझ सके कि मैं क्या बोलना चाह रहा था। मुझे एक बात कहनी थी कि ये अहंकार नहीं था। अगर मैं उकसाना चाहता या यहां कोई ईगो होता तो वो मेरे पहले ट्वीट में ही दिख जाता। मैंने सम्मान के साथ ट्वीट किया था और मुझे लगता है कि अजय सर भी इसे मानते हैं। हमारे बीच अब कोई मतभेद नहीं है, ये वही खत्म हो गया था।

अक्षय ने अपने वर्क व लाइफ के बैलेंस का राज खोला

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' के प्रमोशन में बिजी हैं। मानुषी छिल्लर के बॉलीवुड डेब्यू वाली इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ ही संजय दत्त और सोनू सूद प्रमुख किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार खुलकर अलग-अलग मुद्दों पर बात कर रहे हैं। ऐसे में अब अक्षय कुमार ने अपना वर्क लाइफ बैलेंस का सीक्रेट ओपन किया है, जो वो राइटर पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ शेयर करते हैं। इसके साथ ही अक्षय कुमार ने उस किस्से का भी जिक्र किया, जब वो किसान के घर चाय पीने गए थे। दरअसल हाल ही में अक्षय कुमार और सम्राट पृथ्वीराज के निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने एक एजेंसी से बातचीत की। पिंड द मुंडा (अक्षय कुमार) और साउथ मुंबई की लड़की (ट्विंकल खन्ना) के बीच वर्क लाइफ बैलेंस के सवाल पर अक्षय कुमार ने कहा, ये बहुत ही अजीब तरह से काम करता है, मुझे कोई आइडिया नहीं है। हम दोनों ही अलग-अलग डायरेक्शन्स में सोचते हैं। अक्षय कुमार एक बच्चे की तरह ही चीजों को जीवन में अपनाते हैं, वो ये मानते हैं कि वो एक स्पंज होते हैं, जब कोई भी आइडिया आता है। अक्षय इस बात से रूबरू हैं कि वो उतने पढ़े-लिखे नहीं हैं, जितनी उनकी पत्नी हैं। वहीं कई बार वो अपने क्रिएटिव आइडियाज भी देते हैं। अक्षय कहते हैं, अगर पूछूंगा तो वो मुझे अपने सजेशन देंगी, अगर वो मुझे कहेंगी तो मैं उनके आर्टिकल पढ़ूंगा। अगर वो पूछेंगी कि मैं उस बारे में क्या सोचता हूं, तो मैं कहूंगा कि ये अच्छी चीज नहीं हैं, अगर नहीं पूछेंगी तो मैं कुछ नहीं कहूंगा।

टल्ली शख्स ने चुरा ली डबल डेकर बस

तीन मील तक लड़ाते-भिड़ाते पहुंचाया अपने घर

लंदन। ब्रिटेन में एक चोर ने तो हद ही कर दी। ये चोर भी कोई ऐसा-वैसा नहीं था कि छोटी-मोटी चोर करे। नशे में टल्ली होकर उसने सीधा डबल डेकर बस ही चुरा ली और इसे ड्राइव करता हुआ अपने घर तक पहुंच गया। इस अजीबोगरीब घटना के बारे में जानकर पुलिस भी हैरान रह गई।52 साल के स्टीफेन मैककार्टन ने ये कारनामा किया। वो अपने एक दोस्त के साथ रात में घूम रहे थे। ड्रिंक करने के बाद जब पूर्व सैनिक रहे स्टीफेन को घर जाना हुआ तो उसने कोई टैक्सी या गाड़ी नहीं ली बल्कि पार्किंग में खड़ी डबल डेकर बस ले ली और उसे ही ड्राइव करते हुए अपने घर पहुंच गया।

शराब के नशे में हाई मैककार्टन को इस बात का होश भी नहीं था कि वो क्या कर रहा है। उसने डोरसेट में पूल बस स्टेशन से लाल और नीले रंग की डबल डेकर बस को देखा। पहले उसने पार्किंग में खड़ी बस का दरवाजा और धड़धड़ाते हुए टॉप डेक पर पहुंचा और सो गया। एक घंटे के बाद वो जागा तो वो सीढ़ियों ससे नीचे आया और ड्राइवर की सीट पर पहुंच गया। उ्ह्र१रीउ छ्र्ी की रिपोर्ट के मुताबिक उसने किसी तरह 12 टन की बस को स्टार्ट कर लिया और फिर उसे लेकर अपने घर के सफर पर चल दिया। इस दौरान उसने जमकर हंगामा काटा। मैककार्टन ने जब अपनी ड्राइविंग शुरू कि तो उसने वहां खड़ी एक कार और पार्किंग की रेलिंग को तोड़-फोड़ डाला और फिर बस को चलाते हुए 3 मील दूर अपने गांव हैमवर्दी पहुंच गया। शख्स का कहना है कि वो इतने नशे में था कि उसे याद भी नहीं कि वो घर कैसे पहुंचा। भला हो सीसीटीवी फुटेज का, जिसमें मैककार्टन इतना हंगामा करते हुए दिखाई दे रहा है और उसने खुद कुबूला कि फुटेज में वही है। उसने बस और रेलिंग का ख्4,646 यानि 4 लाख रुपये का नुकसान कर डाला। बाद में कोर्ट को पता चला कि वो शख्स मानसिक रूप से स्थिर नहीं है और जिस दिन की ये घटना है, उस दिन उसने दवा नहीं ली थी।

KK ने पूरा किया अपना 'आखिरी शो'

कोलकाता (आईएएनएस)। इसे व्यावसायिकता कहें या प्रतिबद्धता के प्रति समर्पण, असहज महसूस करने के बावजूद पार्श्व गायक कृष्णकुमार कुन्नाथ ने कोलकाता स्थित गुरुदास कॉलेज के साथ अनुबंध के अनुसार मंगलवार देर शाम अपने शो निर्धारित समय में पूरा किया। केके का मंगलवार रात 53 साल की उम्र में दक्षिण कोलकाता के नजरूल मंच में अपने आखिरी शो में प्रदर्शन करने के बाद निधन हो गया।

कार्यक्रम के अनुसार शो पूरा करने के बाद, वह मध्य कोलकाता में अपने होटल लौट आए थे। इसके बाद उन्हें फिर से बेचैनी महसूस होने लगी। उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और शो के आयोजकों के अनुसार, गायक को कार्यक्रम के दौरान भी बेचैनी हो रही थी। आयोजकों में से एक ने कहा कि वह लगातार स्पॉटलाइट बंद करने का अनुरोध कर रहे थे और अंतराल पर वह आराम करने के लिए बैकस्टेज जा रहे थे। हालांकि, एक बार भी उन्होंने बीच में शो छोड़ने की इच्छा व्यक्त नहीं की।

केके के मैनेजर रितेश भट ने कहा कि शो पूरा करने के बाद जैसे ही वह अपनी कार में चढ़े, उन्होंने हल्की बेचैनी की शिकायत की। भट ने मीडियाकर्मियों से कहा कि केके ने कहा कि उनके पैरों में ऐंठन महसूस हो रही है। उन्होंने मुझे कार का एसी बंद करने के लिए भी कहा।

इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसके शव को दो कारणों से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पहला यह है कि उन्हें अस्पताल में मृत लाया गया था, इसलिए नियम के अनुसार, मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए शरीर का पोस्टमॉर्टम किया जाना चाहिए। दूसरा कारण है-उसके चेहरे और हाथ पर चोट के कुछ स्पष्ट निशान हैं। एक पुलिस अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, लेकिन सही कारण का पता पोस्टमार्टम पूरा होने और रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

सिंगर केके की मौत पर सेलेब्स ने साझा किए भावुक बयान

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय सिनेमा जगत के जाने माने गायक 'केके' के अचानक निधन से हर कोई काफी दुखी है, ऐसे में हर कोई उनको भावुक श्रद्धांजलि दे रहा है। वही पूर्व केंद्रीय मंत्री और हाल ही में चुने गए तृणमूल कांग्रेस के विधायक बाबुल सुप्रियो ने भी केके के लिए भावुक बयान दिया है, जिनसे 31 मई को बाबुल मिले थे, संगीत उद्योग के अब तक के सबसे अच्छे लोगों में से एक और हमारे पास अब तक की सबसे अच्छी आवाजों में से एक, केके का अचानक इतना असामयिक निधन बहुत स्तब्धकारी है। रेस्ट इन पीस माय फ्रेंड।

सुपरस्टार कमल हासन, जिनकी फिल्म विक्रम 3 जून को रिलीज होने वाली है, ने तमिल में ट्वीट किया, कई भाषाओं में गाकर प्रशंसकों का मनोरंजन करने वाले कृष्णकुमार कुन्नाथ उर्फ केके की असामयिक मृत्यु की खबर स्तब्ध करने वाली है। मेरी संवेदना उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति जिन्होंने उन्हें खो दिया। पाकिस्तानी गायक अली जफर ने लाखों लोगों की भावनाओं को व्यक्त किया जब उन्होंने अपनी संवेदना साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, दो अद्भुत कलाकारों सिद्धू और केके के निधन से स्तब्ध हूं। जीवन बहुत अप्रत्याशित है। अल्लाह उनकी आत्मा को शांति दे और परिवार इस कठिन समय से गुजरने की शक्ति दे। गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने कहा कि, वह इस खबर से स्तब्ध हूं। उन्होंने ट्वीट किया, यकीन नहीं हो रहा है, केके आप इस तरह कैसे जा सकते हैं? लव यू दोस्त, ओम शांति। महादेवन ने उस लाइन के साथ केके को याद किया है जो केके के गीत की है, हम रहे या न रहें याद आएंगे ये पल। फिल्म निमार्ता श्रीजीत मुखर्जी ने फेसबुक पर लिखा, सदमे में हूं।

बाबुल सुप्रियो

कमल हासन

शंकर महादेवन

योगी और उनके मंत्री देखेंगे अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज

लखनऊ (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को विशेष स्क्रीनिंग देखेंगे। फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग लोक भवन में होगी जहां मुख्यमंत्री का कार्यालय है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि मंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ फिल्म देखेंगे। ये फिल्म शुक्रवार को पर्दे पर आने वाली है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह मानुषी की डेब्यू फिल्म है। दोनों स्टार हाल ही में फिल्म की सफलता के लिए काशी विश्वनाथ की पूजा के लिए वाराणसी गए थे। फिल्म सम्राट पृथ्वीराज का निर्देशन चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया है।

टॉम क्रूज को शूट करने में नहीं हुई कोई दिक्कत



लॉस एंजिलस (आईएएनएस)। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज को 'टॉप गन : मेवरिक' में फ्लाइंग सीक्वेंस करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। यह पूछे जाने पर कि क्या वह काम के बोझ को कम करने पर विचार कर रहे हैं, टॉम ने स्क्रीन रेंट से कहा कि नहीं, बिल्कुल नहीं। स्टार ने कहा कि फिल्म बनाना, लगातार सीखना दिलचस्प हैं। आपको कई अलग-अलग क्षेत्रों में अधिक से अधिक सक्षम बनने के लिए लगातार काम करना होगा, और मैं बताना चाहता हूं, यही फिल्में बनाने की खूबसूरती है। इसीलिए मैंने हमेशा अपनी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय, दुनिया भर में और विभिन्न समुदायों में जाने के लिए और शुरूआत से ही इसका हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया है। यह मेरा सपना था। यही मुझे पसंद है।

इंदौर का संगीत महाविद्यालय होगा लता मंगेशकर के नाम

इंदौर (आईएएनएस)। मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में स्वर कोकिला लता मंगेशकर की यादों को बनाए रखने के लिए यहां के संगीत महाविद्यालय और प्रस्तावित ऑडिटोरियम लता मंगेशकर के नाम पर होगा। यह ऐलान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के सात दिवसीय गौरव महोत्सव के समापन मौके पर किया।

इंदौर में मंगलवार की रात को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, इंदौर को दुनिया का सबसे अच्छा शहर बनाएंगे। इसे देश का आईटी हब बनाया जाएगा। सुपर कॉरीडोर पर साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से स्टार्टअप पार्क बनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टार्टअप ईकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। अगले 10 वर्षों में इंदौर बैंगलुरू और हैदराबाद को पीछे छोड़ देगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, इंदौर की भूमि पर स्व. लता मंगेशकर ने जन्म लिया। राजेन्द्र नगर में 24 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 1500 सीटर ऑडिटोरियम का नाम स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाएगा। चिमन बाग मैदान के पास स्थित संगीत महाविद्यालय का उन्नयन किया जाएगा तथा उसका नाम भी लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाएगा।

बालीवुड में डेब्यू करेंगी तेजस्वी

मुंबई (वार्ता)। रिएलिटी शो 'बिग बास 15' की विनर और टीवी सीरियल 'नागिन 6' फेम तेजस्वी प्रकाश जल्द ही बालीवुड में डेब्यू कर सकती है। चर्चा है कि तेजस्वी प्रकाश जल्द ही बालीवुड में डेब्यू कर सकती है। तेजस्वी, 'ड्रीम गर्ल 2' में काम करती नजर आ सकती हैं। तेजस्वी ने निर्देशक राज शांडिल्य की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' (2019) के सीक्वल के लिए आडिशन दिया है। पहली फिल्म की तरह ही सीक्वल में आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। तेजस्वी 'ड्रीम गर्ल 2' के लिए मेकर्स के साथ बातचीत कर रही हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा तो तेजस्वी फिल्म साइन कर लेंगी। यह उनका बालीवुड डेब्यू भी होगा।

'निकम्मा' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की आने वाली फिल्म 'निकम्मा' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। शिल्पा शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म निकम्मा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने अपने आफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में शिल्पा, अभिमन्यु दसानी और शर्ली सेतिया की तिकड़ी का मस्ती भरा अंदाज देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में जहां शिल्पा, अभिमन्यु के कान पकड़े हुए नजर आ रही हैं, वही अभिमन्यु हाथों से दिल बनाए हुए हैं।

फिल्म का यह नया पोस्टर शेयर करने के साथ शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, थिएटर में जरूर देखिएगा ये रोलर कोस्टर, फिलहाल पेश है निकम्मा का ये ब्रांड न्यू पोस्टर सिनेमाघरों में निकम्मा 17 जून 2022 को। फिल्म निक्कमा में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और अभिमन्यु दसानी 'भाभी' और 'देवर' के इक्वेशन को शेयर करते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में 'निकम्मा' फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर में शिल्पा शेट्टी सुपरवुमन के अवतार में नजर आई हैं। शिल्पा के किरदार का नाम अवनी है। सोनी पिश्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और शब्बीर खान फिल्म्स बैनर की 'निकम्मा' 17 जून 2022 को रिलीज होगी।

कार्तिक आर्यन ने नहीं बढ़ाई अपनी फीस

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि उन्होंने भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद अपनी फीस नहीं बढ़ाई है। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 2' बाक्स आफिस पर सुपरहिट हुई है। इस फिल्म की सफलता के बाद से चर्चा है कि कार्तिक आर्यन ने अपनी फीस बढ़ाने का फैसला कर लिया है। कहा जा रहा है कि कार्तिक पहले एक फिल्म के लिए 15 से 20 करोड़ रुपए चार्ज करते थे, लेकिन अब वह एक फिल्म के लिए इससे ज्यादा फीस लेने वाले हैं।

कहा जा रहा है कि कार्तिक ने अपनी फीस को बढ़ाकर 35 से 40 करोड़ रुपए कर दिया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया के जरिए इन खबरों पर रिएक्ट किया है और बताया कि उन्होंने अपनी फीस नहीं बढ़ाई है। कार्तिक ने अपने पोस्ट में लिखा, प्रमोशन हुआ है लाइफ में। इंक्रीमेंट नहीं। कार्तिक की आने वाली फिल्मों में 'शहजादा' 'फ्रेडी' और 'सत्यनारायण की कथा' शामिल है।

करण ग्रोवर ने अपनी गर्लफ्रेंड से गुपचुप तरीके से रचाई शादी

मुंबई (आईएएनएस)। टेलीविजन जगत के फेमस एक्टर करण वी ग्रोवर ने अपनी लाग टाइम गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री 'पोपी जब्बल' से मंगलवार को गुपचुप तरीके से शादी रचा ली। 'उदारियां' फेम करण वी ग्रोवर ने मंगलवार, 31 मई को हिमाचल प्रदेश में एक पारंपरिक सिख समारोह में शादी की है। दरअसल इस शादी की सबको खबर तब लगी जब अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शादी की एक तस्वीर साझा की। करण वी ग्रोवर की पत्नी पापी, जो वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' में दिखाई दी थी। इसके अलावा उन्होंने कुछ पंजाबी फिल्मों में भी अभिनय किया है। दोनों की पहली मुलाकात एक कार पार्किंग क्षेत्र में हुई और उन्होंने जल्द ही डेटिंग शुरू कर दी। जैसे ही करण वी ग्रोवर ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो इंडस्ट्री के सभी सितारों ने उनको बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया।

मूसेवाला हत्याकांड के बाद बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा

मुंबई (आईएएनएस)। पंजाबी गायक और रैपर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद बालीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की लारेंस बिश्नोई के गुर्गे गोल्डी बरार ने जिम्मेदारी ली। ऐसे में पुलिस सलमान की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई है। बिश्नोई ने कई साल पहले सलमान को जान से मारने की धमकी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि मुंबई पुलिस ने सलमान की सुरक्षा में इजाफा किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह राजस्थान से संचालित होने वाले बिश्नोई गैंग के नापाक हरकतों से सुरक्षित है।

बिहार में अब लीची की गुठली से बने चारे से मछलियां होंगी स्वस्थ

पटना (आईएएनएस)। बिहार की चर्चित लीची अब किसानों को दोहरा लाभ देने वाली है। लीची के फल के आलावा अब उसके बीज के भी दाम मिलेंगे। यह संभव हुआ है राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के शोध की सफलता के कारण, जिन्होंने लीची की गुठली से मछलियों के लिए चारा बनाने में सफलता पाई है।

लीची के फल के आलावा अब उसके बीज के भी दाम मिलेंगे किसानों को

उत्तर बिहार में मत्स्य पालन में काफी वृद्धि हुई है। इससे मछली चारे की मांग के साथ कीमत भी बढ़ी है। दाम कम होने के साथ पौष्टिक चारा मछली पालकों को उपलब्ध हो, इसके लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डॉ. आर सी श्रीवास्तव के निर्देश पर अनुसंधान की शुरूआत की गई थी। इस शोध को करने वाले मत्स्यकी महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र कुमार का कहना है कि यह चारा काफी पोषक है। उन्होंने बताया कि लीची के बीज में करीब पांच फीसदी प्रोटीन और वसा की मात्रा 1.5 फीसदी रहती है।

डॉ. शिवेंद्र के अनुसार मछली को प्रोटीन की ज्यादा जरूरत होती है। उसके चारे में इसकी मात्रा 28 से 30 फीसद होनी चाहिए। यही कारण है कि अभी मछलियों के लिए जो चारा बनाया जा रहा, उसमें 40 से 50 फीसद राइस ब्रान होता है।

उन्होंने कहा कि इसमें प्रोटीन की मात्रा 10-12 फीसद होती है। अनुसंधान के दौरान राइस ब्रान की मात्रा 10 फीसद कम कर उसकी जगह लीची के बीज का उपयोग किया गया। इससे बना चारा जब मछली को दिया गया तो उसकी ग्रोथ में कोई अंतर नहीं आया रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ी। डॉ. शिवेंद्र कहते हैं कि लीची के बीज में कुछ ऐसे तत्व भी हैं जो मछली को मरने के बाद ज्यादा देर तक सड़न या खराब होने से बचाते हैं। इस पर अभी अनुसंधान चल रहा है। आम तौर पर, लीची के बीज और छिलकों को बेकार माना जाता है जिससे कई पर्यावरणीय समस्याएं पैदा होता है। बीजों और छिलके में पोषक तत्वों की उपलब्धता के बारे में प्रारंभिक जानकारी के साथ, इस कचरे को एक उपयोगी उत्पाद अपशिष्ट से धन में बदलने के लिए उपयुक्त माना गया। शिवेंद्र बताते हैं कि लीची के बीज और छिलके की संरचना के विश्लेषण के बाद, लीची बीज भोजन और लीची छिलका भोजन अकेले या मछली फीड में संयोजन में पाचन क्षमता और इष्टतम स्तर का अध्ययन करने के लिए मत्स्य पालन ढोली कॉलेज की गीली प्रयोगशाला में पांच अलग-अलग प्रयोग किए गए थे।

फिर, अंतिम अनुशंसित लीची अपशिष्ट (लीची बीज और छिलका) आधारित मछली फीड का परीक्षण कॉलेज के तालाबों के साथ-साथ पांच अलग-अलग किसानों के तालाबों में तालाब आधारित मछली पालन प्रणाली में वाणिज्यिक फीड के तौर पर किया गया था।

उन्होंने बताया कि 15 प्रतिशत लीची के छिलके का खल (एलपीएम) और 5 प्रतिशत लीची के बीज का खल (एलएसएम) को विकास और पोषक तत्वों के उपयोग से समझौता किए बिना रोहू (लाबियो रोहिता) के आहार में 20 फीसदी चावल की भूसी और मक्का को बदलने के लिए इष्टतम अनुपात के रूप में पाया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के प्रोफेसर एस के सिंह बताते हैं कि लीची के कचरे को फिश फीड सामग्री के रूप में शामिल करने के बारे में यह पहली रिपोर्ट है और साथ ही प्रस्तावित फिश फीड की लागत उपलब्ध वाणिज्यिक फीड की तुलना में 3.00 रुपये से कम है।

संक्षिप्त खबरें

रुपया 20 पैसे मजबूत

मुंबई। रुपया अपने रिकार्ड निचले स्तर से उबर गया तथा बुधवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 20 पैसे की तेजी दर्शाता 77.51 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 77.58 पर खुला और दिन के कारोबार में 77.51 से लेकर 77.62 रुपए के दायरे में रहने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की तेजी के साथ 77.51 प्रति डालर पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ 77.71 प्रति डालर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पर बंद हुआ था।

ई-मुद्रा का शेयर चढ़ा

नई दिल्ली। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र देने वाली कंपनी ई-मुद्रा लिमिटेड का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में करीब छह प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में ई-मुद्रा का शेयर 271 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ जो कि उसके निर्गम मूल्य से 5.85 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। बाद में यह 8.98 प्रतिशत तक की उछाल लेने में सफल रहा। एनएसई में भी कंपनी का शेयर 5.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 270 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ। ई-मुद्रा के आईपीओ को 2.72 गुना अभिदान मिला था। निर्गम के लिए 243 रुपए से लेकर 256 रुपए का मूल्य दायरा रखा गया था।

वेलस्पन को मिला ठेका

नई दिल्ली। वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड (डब्ल्यूईएल) ने बुधवार को कहा कि उसे नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) से 4,636 करोड़ रुपए का ठेका मिला है। यह ठेका धारावी में अपशिष्ट जल के लिए शोधन संयंत्र बनाने का है। डब्ल्यूईएल ने बयान में कहा कि इस ठेके के साथ कंपनी की आर्डर बुक लगभग 12,500 करोड़ रुपए की हो गई है। इसमें से 6,500 करोड़ रुपए जल क्षेत्र से संबंधित हैं और बाकी 6,000 करोड़ रुपए सड़क क्षेत्र से है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसकी अगुवाई में एक संयुक्त उद्यम धारावी अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगा।

किराया सीमा बढ़ाए सरकार

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोनोजॉय दत्ता ने ईंधन की बढ़ती कीमतों को "वास्तविक समस्या" बताते हुए सरकार से घरेलू उड़ानों के किराए की अधिकतम सीमा बढ़ाने पर विचार करने का अनुरोध किया है। दत्ता ने एक बातचीत में कहा कि नागर विमानन मंत्रालय को घरेलू उड़ानों के किराए पर लगाई गई अधिकतम सीमा को अब बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में विमान ईंधन के दामों में आई तेजी को देखते हुए मंत्रालय को इस बारे में विचार करना चाहिए।(एजेंसियां)

मई में पेट्रोल-डीजल की बिक्री में दर्ज हुआ जबरदस्त उछाल

■ गर्मी की छुट्टियों में लोगों के यात्रा पर निकलने की वजह से तेजी से बढ़ी है पेट्रोल-डीजल की मांग

- कीमतें कम होने से भी बढ़ी पेट्रोल-डीजल की मांग
- पेट्रोल की बिक्री में आया 56% उछाल
- डीजल की बिक्री में दर्ज हुई 39 फीसद की बढ़त
- विमान ईंधन की बिक्री में हुआ दोगुना इजाफा
- रसोई गैस की मांग में हुआ मामूली इजाफा

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में पेट्रोल और डीजल की बिक्री मई में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। इसका कारण बढ़ती गर्मी और शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टियां पड़ने की वजह से लोगों का दूसरे शहरों की यात्रा पर निकलना है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के खुदरा ईंधन बिक्री के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, मई में पेट्रोल की बिक्री 28 लाख टन रही जो पिछले साल के इसी माह के मुकाबले 55.7 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा था।

ईंधन खुदरा बिक्री कारोबार में सरकारी कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी करीब 90 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने की खपत मई, 2020 की मांग के मुकाबले 76 प्रतिशत जबकि कोविड-पूर्व स्तर मई, 2019 के 25 लाख टन की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। मासिक आधार पर बिक्री 8.2 प्रतिशत बढ़ी।

देश में सर्वाधिक खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री मई में सालाना आधार पर 39.4 प्रतिशत उछलकर 68.2 लाख टन रही। यह इस साल अप्रैल के 67 लाख टन के मुकाबले 1.8 प्रतिशत अधिक है।

उद्योग सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने उच्च कीमतों के बाद दाम कम होने से मई में खपत बढ़ी है। अप्रैल महीने में खपत में कमी का कारण पेट्रोल और डीजल के दामों में 10 रुपए लीटर की वृद्धि रही। चार महीने के अंतराल के बाद ईंधन के दाम बढ़ाए गए थे। मांग बढ़ने का एक बड़ा कारण गर्मी बढ़ने और स्कूलों में छुट्टी के साथ लोगों की यात्रा में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोतरी है। रसोई गैस की बिक्री मामूली 1.48 प्रतिशत बढ़कर 21.9 लाख टन रही। यह मई, 2020 में हुई खपत के मुकाबले 4.8 प्रतिशत कम है।

एलपीजी की खपत मई, 2019 के मुकाबले 7.6 प्रतिशत अधिक, लेकिन अप्रैल, 2022 के 22.1 लाख टन के मुकाबले मामूली रूप से कम है। विमान ईंधन की बिक्री आलोच्य महीने में दोगुना से अधिक होकर 5,40,200 टन रही। इसका कारण दो साल बाद विमानन क्षेत्र का पूरी से तरह से परिचालन में आना है।

विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत मई, 2020 के मुकाबले 401 प्रतिशत अधिक रही लेकिन कोविड-पूर्व स्तर मई, 2019 के 6,44,000 टन के मुकाबले 16.1 प्रतिशत कम है। मासिक आधार पर बिक्री 7.5 प्रतिशत बढ़ी।

GST संग्रह लुढ़का

■ अप्रैल के 1.68 लाख करोड़ की तुलना में मई में सिर्फ 1.41 लाख करोड़ का संग्रह

नई दिल्ली (भाषा)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि का सिलसिला दो माह के बाद मई में थम गया और अप्रैल की तुलना में मई में इसमें भारी गिरावट आई। मई में जीएसटी संग्रह 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा जबकि अप्रैल में 1.68 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर था। हालांकि बीते साल मई की तुलना में इसमें 44 फीसद की वृद्धि देखी गई।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को मई, 2022 के जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। आंकड़ों के मुताबिक, मई में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,40,885 करोड़ रुपए रहा। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर रहा था। उसके पहले मार्च में भी जीएसटी संग्रह 1.42 लाख करोड़ रुपए रहा था। मई में जीएसटी संग्रह में गिरावट आने के बावजूद यह अब तक का चौथा सर्वाधिक कर संग्रह है। इस साल जनवरी में जीएसटी संग्रह 1,40,986 करोड़ रुपए रहा था। वर्ष, 2022 में सबसे कम कर संग्रह फरवरी में 1.33 लाख करोड़ रुपए रहा था।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, 'मई के कुल 1,40,885 करोड़ रुपए के जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का हिस्सा 25,036 करोड़ रुपए रहा। राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 32,001 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) संग्रह 73,345 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा 10,502 करोड़ रुपए का उपकर भी जुटाया गया।'

मंत्रालय ने मई में कर संग्रह कम रहने की वजह बताते हुए कहा, 'वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल की तुलना में मई में राजस्व संग्रह हमेशा कम रहा है।

राजस्व प्राप्ति

- बीते साल मई की तुलना में दर्ज की गई 44 फीसद की वृद्धि
- गिरावट के बावजूद अब तक का चौथा सबसे बड़ा संग्रह
- इस साल सबसे कम संग्रह भी 1.33 लाख करोड़ रुपए रहा
- मई में कुल संग्रह में सीजीएसटी का हिस्सा 25036 करोड़ रहा
- राज्य जीएसटी की हिस्सेदारी कुल 32001 करोड़ रही
- आईजीएसटी का हिस्सा कुल 73345 करोड़ रुपए रहा

किसान का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। क्षेत्र की सीमा से सटे आजमगढ़ जनपद के चितारे महमूदपुर निवासी निवासी विपुल यादव का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल पद पर हुआ है। वह जिले के बरसठी स्तिथ जनता इंटर कालेज में बतौर प्रवक्ता तैनात है। उनके असिस्टेंट प्रोफेसर बनने से स्वजनों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जेएनयू के शोध छात्र रहते हुए श्री यादव का वर्ष 2021 में यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद के तहत प्रवक्ता भूगोल पद के लिए जनता इंटर कालेज बरसठी में हुआ था। वह अपनी इस सफलता के पीछे माता पिता का आशीर्वाद और शिक्षक रहे बड़े भाई स्व.अजय कुमार यादव का श्रेय मानते हैं। उनका कहना है कि अपनी सफलता का श्रेय बड़े भाई स्व.अजय यादव को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित करना चाहता हूं। श्री यादव मूल रूप से सीमावर्ती जनपद आजमगढ़ के चितारा महमूदपुर गांव के निवासी हैं। पिता शंभूनाथ यादव एक किसान हैं। प्रोफेसर के चयन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदार समेत शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार का किया घेराव

प्रखर केराकत जौनपुर। तहसीलदार की तानाशाही रवैया और समस्याओं के समाधान में रूचि नहीं लेने से क्षुब्ध केराकत बार के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को उनके विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बार यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बार यूनियन के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद की शिकायत है कि तहसीलदार समस्याओं के समाधान में रूचि नहीं ले रहे हैं। अधिवक्ताओं को अनसुनी भी करते हैं। अधिवक्ताओं के मुताबिक तहसीलदार के कार्यप्रणाली और दुर्व्यवहार की कई बार एसडीएम से शिकायत की गई लेकिन एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की केवल हर बार आश्वासन देकर टालते रहे हैं। गुरूवार को अधिवक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी शुरू दी और तहसीलदार कार्यालय तक नारेबाजी करते पहुंचे और तहसीलदार का घेराव किया। तहसीलदार ने 10 जून तक की मोहलत मांगी है। दूसरी ओर अधिवक्ताओं ने तब तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया है। नारेबाजी और घेराव करने में नमः नाथ शर्मा, शारदा प्रसाद, सुबश शुक्ला, लालबहादुर शुक्ला, ज्ञान प्रकाश पांडेय, जेपी मौर्या, अनिल गांगुली, रविनाथ मिश्रा, पुनित श्रीवास्तव, अंबरीश यादव, मांधाता सिंह, दिनेश पांडेय, अशोक यादव आदि रहे।

राज्यमंत्री ने ईओ संतोष मिश्रा को लगाई फटकार, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

प्रखर जौनपुर । खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने नगर के ओलन्दगंज मोहल्ले में गुरुवार को साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। राज्यमन्त्री ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही के लिए मौके पर उपस्थित नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सन्तोष मिश्रा व सफाई इस्पेक्टर हरिश्चंद्र यादव को कड़ी फटकार लगाई। कहा बरसात के मौसम को देखते हुए नगर छोटे बड़े सभी नाला व नालियों शीध्र सफाई करने का निर्देश दिया और सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने कहा कि कूड़े का उठान समय से होना चाहिये, ड्यूटी न करने वाले कर्मचारियों की सूची तलब कर उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दक्षिणी अमित श्रीवास्तव , राजेश गुप्ता , सभासद सतीश सिंह त्यागी, बसन्त प्रजापति , आलोक मिश्रा बुल्ली, सतेन्द्र सिंह मुन्ना , महेद्र सोनकर , संदीप जयसवाल , डॉ रोहित सिंह , रिंकू मौर्य , ओपी सिंह , मनोज तिवारी ,नगर उपाध्यक्ष राजेश कन्नौजिया , धर्मपाल कन्नौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव , नगर मंत्री दीपक मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, आयुष अस्थाना, पवन मौर्या व अन्य प्रमुख कायकर्ता गण मौजूद रहे। यह जानकारी राज्यमन्त्री के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव 'सभासद ' ने दी।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 46 कर्मचारी हुए विनियमित पत्र जारी

प्रखर जौनपुर ।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुल 46 कर्मचारी विनियमित कर दिए गए और उन्हें विनियमितीकरण का लेटर भी जारी कर दिया गया। कर्मचारियों ने कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की सराहना करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विश्वविद्यालय में वर्ष 2021 के कार्यरत नियुक्त दैनिक वेतन, वर्कचार्ज,संविदा के कर्मचारियों के नियमितीकरण का मामला उत्तर प्रदेश शासन में पहुंचा था, शासन ने परीक्षण करते हुए मामले को कार्यपरिषद में दिया और कार्यपरिषद की बैठक में विचारों उपरान्त समूह ग के अट्ठारह और घ के 28 कर्मचारियों का रिक्त पदों पर भी विनियमित किए जाने की संस्तुति दे दी । 24 मई को कार्यपरिषद मे फैसले के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन पत्र जारी करनें में हीला हवाली कर रहा था। कर्मचारी संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष श्रीनाथ यादव के नेतृत्व में कुलसचिव का घेराव करते हुए कर्मचारियों ने पत्र जारी करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया।लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बना रहा था। जिसके क्रम में प्रशासन ने पत्र को जारी कर दिया । जिसमें समूह ग के दीनानाथ, अमलदार यादव, श्रीनाथ यादव ,निशा श्रीवास्तव, मोहन चंद्र पांडे ,मो इमाम, अरुण शर्मा, मनीष वर्मा, विद्यानंद उपाध्याय, प्रमोद विश्वकर्मा, विक्रमा, वरिंद्र यादव, दियजेंद्र दत्त उपाध्याय, लक्ष्मी शंकर यादव, संतोष उपाध्याय, मनु मिश्रा मानजी यादव ,राजकुमार शुक्ला, विनियमित किए गए। वही इस समूह घ में दूधनाथ यादव ,उमाशंकर यादव, सुरेश, दिनेशचंद्र अस्थाना, शिवनंदन, भोलाराम, राजदेई, रीता सिंह, चंदन राम,बांकेलाल प्रथम, द्वितीय, अशोक कुमार, रामरक्षा ,राकेश कुमार गौतम, शंभू शरण, सुशीला देवी ,सुषमा मिश्रा, लालजी ,धनीचंद्र, राजेश मौर्या, संतोष मौर्य, हरदेव राम ,मो अहमद, मो पंपी ,जुबेर अहमद, रफीक अहमद, मो सुलेमान , मो मुन्ना, विनीयतिकरण का पत्र जारी ही कर्मचारियों में खुशी छा गई । इस दौरान कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष श्रीनाथ यादव व पूर्व महामंत्री डॉ स्वतंत्र कुमार को कर्मचारियों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशी जताई।

सेंसेक्स 185 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

मुंबई (भाषा)।

शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाए और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बिकवाली दबाव में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 185 अंक टूटकर बंद हुआ।

वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 185.24 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,381.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 474.98 अंक तक नीचे चला गया था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 61.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,522.75 अंक पर बंद हुआ।

मल्टीनेशनल कंपनियों को भारत में आर एंड डी सेन्टर खोलने का न्योता

■ अगले दो-तीन दशक में नवोन्मेष एवं ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनेगा इंडिया

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों से देश में शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया है, क्योंकि यह अगले दो-तीन दशक में नवोन्मेष और ज्ञान का प्रमुख स्थान बनने जा रहा है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने कहा कि उन्होंने दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठकों के दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों से यह बात कही। मंच की बैठक हाल में ही संपन्न हुई। जैन ने कहा, 'मैंने उनसे भारत में शोध एवं विकास केंद्र खोलने का आग्रह किया है क्योंकि हम अगले 2-3 दशकों में ज्ञान और नवोन्मेष का केंद्र बनने जा रहे है। डिजिटल इंडिया की सफलता, गतिशील स्टार्टअप परिवेश, बुनियादी ढांचे में सुधार तथा स्थिर वृहत-आर्थिक नीतियों को को देखते हुए भारत आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है।'

डब्ल्यूईएफ की 23 से 25 मई को हुई बैठक के दौरान सचिव कई सत्रों में शामिल हुए। इसमें हरित सार्वजनिक खरीद और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले बुनियादी ढांचे पर संयुक्त सरकारी नीति पर बैठक शामिल है।

विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में इजाफा

■ मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर रही स्थिर ■ इस क्षेत्र का पीएमआई 54.6 अंक दर्ज किया गया

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मई में स्थिर रही, नए आर्डर और उत्पादन में वृद्धि की दर पिछले महीने जैसी बनी रही जबकि बिक्री कीमतों में उछाल देखा गया।

बिक्री की कीमतों में उछाल से इस सेक्टर में रोजगार की दर में मजबूती आई है और इस क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में इजाफा हुआ है। एसएंडपी की भारतीय विनिर्माण परिदृश्य के बारे में बुधवार को जारी मासिक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। इसके मुताबिक, मई में विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 54.6 रहा जो अप्रैल में 54.7 पर था। यह विनिर्माण क्षेत्र में पुनरुद्धार गतिविधियों के काफी हद तक स्थिर रहने का संकेत है।



मई के पीएमआई आंकड़े लगातार 11वें महीने में समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार का जिक्र करते है। पीएमआई 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में एसोसिएट डाइरेक्टर (अर्थशास्त्र) पोलियाना डी लीमा ने कहा, 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने मई में मजबूत विकास गति को बनाए रखा। बिक्री में जारी सुधार के कारण मई में विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियां भी बढ़ी।

मामूली वृद्धि होने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की रोजगार वृद्धि दर जनवरी 2020 के बाद सबसे मजबूत हो गई है।

शिक्षा की गाड़ी दौड़ाने में वित्तविहीन शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण-नेता प्रतिपक्ष

प्रखर जखनियां गाजीपुर। मनिहारी विकास खंड के हंसराजपुर बाजार में विधानपरिषद सदस्य लाल बिहारी यादव को विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष मनोनीत होने पर जनपद में प्रथम आगमन पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष मारकंडेय सिंह यादव के नेतृत्व में वित्तविहीन शिक्षकों एवं सपा कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा की ग्रामीण इलाके में शिक्षा की गाड़ी दौड़ाने में वित्तविहीन शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन मानदेय के नाम पर उन्हें इतना नहीं मिल पाता कि काम चल सके। वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय मिले इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई जाएगी।

सरकार को चाहिए कि शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल करे और वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने पर गंभीरता पूर्वक विचार करे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के बारे में भी विचार करे और वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय दे, ताकि उनकी आर्थिक समस्या दूर हो सके।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान, माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह यादव, कमलेश यादव भानू,रामाश्रय सिंह चौहान, साहब यादव, जितेन्द्र उर्फ गुड्डू राजभर,रामनगीना यादव,बंशराज यादव, ओमकार, रामविलास गिरी,अशोक पाण्डेय, दिनेश पाल, रमाशंकर कुशवाहा,आदि शामिल रहे।

चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ चिकित्सा अधिकारी का पत्र वायरल

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत ब्लाक क्षेत्र के जयगोपाल गंज स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके भारती का एक पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। जिसमें उन्होंने केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके सिंह पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जयगोपाल गंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके भारती के पत्र के मुताबिक चिकित्सा अधीक्षक ने वेतन बाधित करने और और परेशान करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बीके भारती के मुताबिक अस्पताल नहीं आने वाले जिन कर्मचारियों की वे हाजिरी रजिस्टर पर अनुपस्थिति लगाते हैं उन कर्मचारियों का चिकित्सा अधीक्षक वेतन ड्रा करा देते हैं। इसके अलावा बीके भारती ने अस्पताल परिसर में स्थित उनके आवास में बिजली पानी की व्यवस्था जानबूझकर नहीं कराने का आरोप लगाया है। जिसके चलते उन्हें प्राइवेट कमरा लेकर रहना पड़ रहा है। वायरल पत्र और चिकित्सा अधिकारी के आरोप के बावत चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो गलत है।

चकमलाई पाण्डेयपुर शिव पुराण कथा भव्य आयोजन भक्त संजय पाण्डेय द्वारा

प्रखर बरसठी जौनपुर। चकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगढ़ में शिव कथा का आयोजन किया गया। शिव महापुराण की कथा की सात दिन का आयोजन किया गया है। इसमें पंडित शिवम शुक्ला द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। कथा वाचन में पंडित जी ने चंद्रमुखी आशुतोष भगवान शिव की चर्चा करते हुए बताया की, सात संहिता एकम चौबीस हजार वाला यह श्लोक पुराण संसार दैविक भौतिक ताप से सर्वथा मनुष्यों की रक्षा करता है। चकमलाई पाण्डेयपुर में पाण्डेय परिवार संजय पाण्डेय द्वारा आयोजित कार्यक्रम विश्व कल्याण हेतु भगवान शिव पुराण और भगवान श्री आयोजन 28 मई से जून 3 को महाप्रसाद आयोजित किया गया है। शिव पुराण कथा सुन कर भक्ति भाव विभोर से भर उठे जनमानस पांडेयपुर की धरती पर जय श्री राम के साथ भोलेनाथ नारे गुज रहे थे भगवा ध्वज के साथ भक्तिमय माहौल था।

प्रदेश में लागू सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी में भी राशन का हो रहा है खेलः गिरीश तिवारी

प्रखर वाराणसी। सरकार द्वारा प्रदेश भर लागू किया गया सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी जो कि सरकारी खाद्यान्न अब सीधे राशन डीलरो के यहां पहुंचाने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।उसमे भी विभाग व ठीकेदारों द्वारा खेल शुरू हो गया है।यह जानकारी एक कार्यक्रम में आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि अब भी शासन की एक अच्छी पहल के बावजूद भी कुछ लोगों द्वारा इसे विफल करने में लगे हुए हैं।किसी भी राशन की दुकान पर पूरा खाद्यान्न तौलकर तथा बोरी के वजन के साथ नहीं दिया जा रहा है।एफ सी आई? गोदामों से ट्रक शाम तक लोड करके रात भर दुसरे स्थान पर खड़ी रहती है।तथा दूसरे दिन सुबह वह कोटेदारों के यहां दुकान पर जाती है। शासनादेश में 25/प्रतिशत छोटी गाडियां लगाने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन अभी तक कहीं भी इसका पालन नही हो रहा है।जिससे राशन डीलरो को बहुत अधिक खर्च करना पड रहा है। राशन डीलरो की यह मांग है।कि यह पहल अति उत्तम है। लेकिन इसमें जो छोटी-छोटी समस्या है इसे दूर किया जाय।ताकि इसका लाभ राशन डीलरो को मिल सके।

अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार का किया घेराव

प्रखर केराकत जौनपुर। तहसीलदार की तानाशाही रवैया और समस्याओं के समाधान में रूचि नहीं लेने से क्षुब्ध केराकत बार के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को उनके विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बार यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बार यूनियन के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद की शिकायत है कि तहसीलदार समस्याओं के समाधान में रूचि नहीं ले रहे हैं। अधिवक्ताओं को अनसुनी भी करते हैं। अधिवक्ताओं के मुताबिक तहसीलदार के कार्यप्रणाली और दुर्व्यवहार की कई बार एसडीएम से शिकायत की गई लेकिन एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की केवल हर बार आश्वासन देकर टालते रहे हैं। गुरूवार को अधिवक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी शुरू दी और तहसीलदार कार्यालय तक नारेबाजी करते पहुंचे और तहसीलदार का घेराव किया। तहसीलदार ने 10 जून तक की मोहलत मांगी है। दूसरी ओर अधिवक्ताओं ने तब तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया है। नारेबाजी और घेराव करने में नमः नाथ शर्मा, शारदा प्रसाद, सुबश शुक्ला, लालबहादुर शुक्ला, ज्ञान प्रकाश पांडेय, जेपी मौर्या, अनिल गांगुली, रविनाथ मिश्रा, पुनित श्रीवास्तव, अंबरीश यादव, मांधाता सिंह, दिनेश पांडेय, अशोक यादव आदि रहे।

टेनिस

फ्रेंच ओपन: 13 बार के चैंपियन नडाल ने वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच को हराया

59 मुकाबलों में नडाल ने 29 और जोकोविच ने जीते हैं 30 मैच

एजेंसी ▶▶| पेरिस

'लाल बजरी के बादशाह' रफेल नडाल ने एक बार फिर रोलां गैरो पर अपनी बादशाहत साबित करते हुए वर्ल्ड नंबर-1 और गत चैंपियन नोवाक जोकोविच को हराकर पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नडाल ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच को करीब चार घंटे तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-2, 7-6 से मात दी। इसके साथ ही उन्होंने 14वें फ्रेंच ओपन और 22वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम रख दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे लिए एक और जादुई रात थी।'

खास बातें

- फ्रेंच ओपन में नडाल ने आठ और जोकोविच ने दो मैच जीते हैं
- अब रोलां गैरो पर नडाल का कॅरियर रिकॉर्ड 110-3 हो गया है

शुक्रवार को 36 वर्ष के होने जा रहे नडाल का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। नडाल और जोकोविच के बीच यह 59वां मुकाबला था और ओपन युग में किन्ही भी दो खिलाड़ियों ने एक दूसरे के खिलाफ इतने मैच नहीं खेले हैं। जोकोविच ने 30 मैच जीते हैं जबकि नडाल को 29 मैचों में जीत मिली है हालांकि फ्रेंच ओपन में नडाल ने आठ और जोकोविच ने दो मैच जीते हैं। अब रोलां गैरो पर नडाल का कॅरियर रिकॉर्ड 110-3 हो गया है। पिछले साल जोकोविच ने उन्हें सेमीफाइनल में हराया था। ज्वेरेव ने 19 वर्ष के उदीयमान स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज को 6-4, 6-4, 4-6, 7-6 से मात दी।

नडाल के नाम 13 खिताब

नडाल ने अब तक 13 फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। इसके अलावा, 2 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2 विंबलडन और 4 यूएस ओपन जीते हैं। इस साल की शुरुआत उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब से की है। वहीं, 2020 में आखिरी बार उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था। नडाल 1968 से शुरू हुए टेनिस के ओपन एरा में एक ही ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब 13 बार जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। फ्रेंच ओपन लाल मिट्टी पर खेला जाता है। इसलिए नडाल को लाल मिट्टी का बादशाह कहा जाता है।



टूटा जोकोविच का सपना

दूसरी तरफ जोकोविच का 21वें ग्रैंड स्लैम जीतकर नडाल की बराबरी करने का सपना टूट गया है। वे 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं। जोकोविच अब तक 8 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2 फ्रेंच ओपन, 6 विंबलडन और 3 यूएस ओपन का खिताब जीते हैं।

सानिया को युगल में मिली हार

टूर्नामेंट के महिला युगल प्रतियोगिता में भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा तीसरे दौर में हार गई हैं। तीसरे दौर में मिर्जा-हेडेका की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। सानिया-लूसी हेडेका को अमेरिकी की कोका गौफ और जोसिका पेगुला ने 6-4, 6-3 से परास्त कर दिया।

कोको और मार्टिना अंतिम चार में पहुंचे

महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉ और इटली की मार्टिना ट्रेविजान पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गई। 18 वर्ष की अमेरिकी गॉ ने 2017 चैंपियन और 2018 उपविजेता स्लोएने स्टीफेंस को 7-5, 6-2 से हराया। वहीं 59वीं रैंकिंग वाली 28 वर्ष की मार्टिना ने अमेरिकी ओपन उपविजेता कनाडा की लैला फर्नांडिज को 6-2, 6-7, 6-3 से शिकस्त दी।

एशिया कप

भारत ने जीता कांस्य पदक जापान को 1-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत की युवा हॉकी टीम ने जापान को 1-0 से हराकर एशिया कप में कांस्य पदक जीत लिया। दक्षिण कोरिया से 4-4 से ड्रॉ खेलने के बाद गोल अंतर के आधार पर फाइनल में जगह बनाने से चूकी गत चैंपियन भारतीय टीम के लिए सातवें मिनट में राजकुमार पाल ने मैदानी गोल दागा।

- गत चैंपियन भारत के लिए सातवें मिनट में राजकुमार ने दागा मैदानी गोल

इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने चुस्ती दिखाते हुए जापान को एक भी गोल नहीं करने दिया। भारत ने पहले पांच मिनट में कई हमले बोले लेकिन डी के भीतर उन्हें कामयाबी नहीं मिली। सातवें मिनट में उत्तम सिंह ने जवाबी हमले पर दाहिने फ्लैंक से राजकुमार को गेंद सौंपी जिसने जापानी गोलकीपर तकाशी योशिकावा को छकाकर गोल दाग दिया। जापान ने दूसरे तीसरे और चौथे क्वार्टर में बराबरी का गोल दागने की बहुत कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति काफी मजबूत दिखी। फाइनल में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। दक्षिण कोरिया ने फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार एशिया कप खिताब जीता।

खबर संक्षेप

भारतीय टीमें हॉकी 5 के लिए लुसाने रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष और महिला टीमें एफआईएच का पहला हॉकी फाइव टूर्नामेंट खेलने स्विटजरलैंड के लुसाने रवाना हो गई जहां चार और पांच जून को यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। पुरुष टीम को मलेशिया, पाकिस्तान, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलना है जबकि महिला टीम दक्षिण अफ्रीका, उरुग्वे, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमें पांच जून को फाइनल खेलेंगी।

आनंद ने नॉर्वे शतरंज में लाग्रेव को हराया

स्टावेंजर। भारत के धुरंधर शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल वर्ग के पहले दौर में मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव को पहले दौर में 40 चालों में हरा दिया। इस जीत से आनंद को तीन अंक मिले। पहले दौर में अमेरिका के वेसली सो ने तैमूर राजाबोव को मात दी और अब आनंद के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। मैग्नस कार्लसन ने चीन के वांग हेड से ड्रॉ खेला। इससे पहले खेले गए ब्लिट्ज वर्ग में आनंद ने सातवें दौर में विश्व चैंपियन कार्लसन को हराया था।

मैकडोनाल्ड पॉजिटिव श्रीलंका दौरे से बाहर

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड कोरोना पॉजिटिव पाये गए हैं और श्रीलंका दौरे के पहले हिस्से से बाहर रहेंगे। आस्ट्रेलियाई टीम के श्रीलंका रवाना होने से पहले बुधवार को कराई गई जांच में 40 वर्ष के मैकडोनाल्ड पॉजिटिव पाए गए। वह एक सप्ताह मेलबर्न में पृथकवास में रहेंगे और आठ जून को दूसरे टी20 से पहले कोलंबो में टीम के साथ जुड़ेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा, 'आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और वह बाद में श्रीलंका जाएंगे।'

सहवाग का बड़ा खुलासा

धोनी की वजह से 2008 में लेने जा रहा था संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने एक बार फिर से अपने संन्यास की बात छोड़ी है। इस दिग्गज ने बताया कि कैसे उनको महेंद्र सिंह धोनी के आस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे प्लेइंग इलेवन से ड्राप किए जाने पर ठेस पहुंची थी। वह इतने आहत थे कि इस फार्मेट को ही अलविदा कहने जा रहे थे लेकिन टीम से उनके एक सीनियर ने ऐसा करने से रोक लिया।

- आस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे प्लेइंग इलेवन से किए गए थे ड्राप
- तेंदुलकर ने आस्ट्रेलिया दौरे के बाद संन्यास की घोषणा करने से रोका था

सहवाग बोले, साल 2008 में जब हम आस्ट्रेलिया में थे, मेरे दिमाग में संन्यास लेने का सवाल आया था। मैंने टेस्ट सीरीज में वापसी की थी और 150 रन बनाए थे। वनडे में मैं तीन चार मुकाबलों में रन बनाने में नाकाम रहा इस वजह से एमएस धोनी ने मुझे प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया तब मेरे मन में वनडे क्रिकेट को छोड़ देने का ख्याल आया था। मैंने सोचा था अब सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में खेलना जारी रखूंगा।

सचिन ने संन्यास से रोका था

सहवाग ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह सचिन थे जिन्होंने उनको आस्ट्रेलिया दौर के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने से रोका था। सहवाग बोले, सचिन तेंदुलकर ने मुझे उस वक्त रोका था। उन्होंने मुझे रोकते हुए कहा था कि यह जीवन का एक बुरा दौर है। बस थोड़ा इंतजार कीजिए, दौरे के बाद घर जाइए, अच्छे से सोचिए और फिर फैसला कीजिए की आपको आगे क्या करना है। किस्मत की बात है कि मैंने तब संन्यास की घोषणा नहीं की।

कड़ी मेहनत के दम पर की वापसी

साल 2008 इस दिग्गज के लिए बेहद मुश्किल रहा था। उन्होंने खुद बताया कि कैसे टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद घरेलू क्रिकेट की तरफ रुख किया था। यहां भी उनके बल्ले से रन नहीं निकले थे लेकिन फिर कड़ी मेहनत के दम पर सहवाग ने टीम इंडिया में वापसी की और वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा भी बने।

सिर्फ विश्व कप में हो टी20 क्रिकेट: शास्त्री

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री मानते हैं कि टी20 प्रारूप अंतरराष्ट्रीय टीमों के बीच द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिए नहीं है बल्कि इसे सिर्फ विश्व कप तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। शास्त्री की यह टिप्पणी भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले आयी है। भारत के सबसे सफल कोचों में से एक शास्त्री को यह भी लगता है कि खेल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए जहां तक छोटे प्रारूप की बात है तो सबसे अच्छा तरीका फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ दो साल में टी20 विश्व कप होगा।

एएफसी कप क्वालीफायर के टिकट मिलेंगे 'कॉम्पलीमेंट्री'

कोलकाता। एशियाई कप ग्रुप डी क्वालीफायर के सभी टिकट दर्शकों को 'कॉम्पलीमेंट्री' (मुफ्त में) दिए जायेंगे क्योंकि आठ से 14 जून तक सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले अंतिम राउंड के मैच के लिये इतना उत्साह नहीं दिखायी दिया है। सॉल्ट लेक स्टेडियम में दो साल के बाद यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। भारत ने पिछला मैच 15 अक्टूबर 2019 को बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर खेला जिसमें नतीजा 1-1 ड्रा रहा था। इसके बावजूद फुटबॉल के प्रति जुनूनी शहर में भारतीय टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों को लेकर कोई उत्साह नहीं दिखाई दिया जिससे स्थानीय आयोजन समिति को 70,000 दर्शकों की क्षमता वाले सॉल्ट लेक स्टेडियम में 5,000 से ज्यादा दर्शकों के मौजूद होने की भी उम्मीद नहीं है। आयोजन समिति के एक अधिकारी ने कहा, 'अब कोई पाबंदी नहीं है और राज्य सरकार ने पूरी क्षमता में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है। लेकिन हांगकांग (147), अफगानिस्तान (150) और कम्बोडिया (171) जैसी कम रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हमें 5,000 दर्शकों से ज्यादा की उम्मीद नहीं है।'

इंग्लैंड ने एंडरसन और ब्रॉड को चुना, पोट्स पदार्पण को तैयार

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्राड न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से लार्ड्स में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच के लिए टीम में वापसी करेंगे।

बुधवार को जब टीम का चयन किया गया तो गेंदबाजी आक्रमण में इन अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा एक नया चेहरा भी शामिल है। मैथ्यू पोट्स तेज गेंदबाजों के लाइन अप में पदार्पण करेंगे। एंडरसन (39 वर्ष) और ब्राड (35 वर्ष) को हाल में वेस्टइंडीज के दौरे से बाहर रखा गया था लेकिन नए कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के कहने पर पहली बार वापसी करेंगे। हालांकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चार, मार्क वुड, क्रिस वोक्स, ओली स्टोन, साकिब महमूद और मैट फिशर चोट के कारण बाहर हैं। क्रेग ओवरटन पर तरजीह देकर 23 साल के पोट्स को टीम में शामिल किया गया है।

मोदी ने विश्व चैंपियन से की मुलाकात...

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत की नई विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज निकहत जरीन तथा उनकी साथी मनीषा मौन और परवीन हुड्डा से मुलाकात की जिन्होंने हाल में इस्तांबुल में हुई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीते थे। निकहत ने फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि मनीषा और पदार्पण करने वाली परवीन ने क्रमश: 57 किग्रा और 63 किग्रा वर्ग में पोडियम स्थान हासिल किया था।।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बुधवार को भारत के वेस्टइंडीज दौरे की घोषणा की जिसमें 22 जुलाई से सात अगस्त तक दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। भारत 17 जुलाई को ब्रिटेन का सफेद गेंद का दौरा खत्म करेगा और जिन खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा वो सीधे इंग्लैंड से वेस्टइंडीज के लिए रवाना होंगे। वनडे श्रृंखला और तीन टी20 मैच त्रिनिदाद एवं टोबैगो और सेंट किट्स एवं नेविस में खेले जाएंगे। अंतिम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच अमेरिका के फ्लोरिडा में फोर्ट लौडरहिल में होंगे। पूरी श्रृंखला 'फैनकोड' पर लाइव स्ट्रीम की जाएगी। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने आगामी श्रृंखला के बारे में कहा, 'हमारी युवा टीम है जो वेस्टइंडीज टीम जिस तरह का क्रिकेट खेलने के लिए मशहूर, उसे दिखाने के लिए बेताब हैं।'

बर्मिंघम में 29 जुलाई से आठ अगस्त तक होंगे राष्ट्रमंडल खेल

बैडमिंटन: मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को आसान ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गत चैंपियन भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के नॉकआउट चरण की राह आसान हो सकती है क्योंकि मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एक में उसे आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ रखा गया है।

बर्मिंघम में 29 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिश्रित टीम स्पर्धा के अलावा व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले होंगे। मिश्रित टीम स्पर्धा का फाइनल दो अगस्त को होगा। मिश्रित टीम स्पर्धा में कुल 16 टीम हिस्सा लेंगी और इन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। बर्मिंघम में मार्च में ड्रॉ निकाला गया था लेकिन नाइजीरिया की टीम मई की शुरुआत में प्रतियोगिता से हट गई जिसके बाद उसकी जगह जांबिया को दिए जाने की पुष्टि हुई है।

गोल्ड कोस्ट में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत के हाथों शिकस्त झेलने वाले पांच बार के चैंपियन मलेशिया को ग्रुप चार में दक्षिण अफ्रीका, जमैका और जांबिया के साथ रखा गया है। वर्ष 1966 से टीम स्पर्धा के शुरुआती आठ स्वर्ण पदक जीतने वाले इंग्लैंड को ग्रुप दो में सिंगापुर, मॉरिशस और बारबडोस के साथ जगह मिली है जबकि ग्रुप तीन में कनाडा, स्कॉटलैंड, मालदीव और युगांडा शामिल हैं।

प्रत्येक मुकाबले में होंगे पांच मैच

टीम प्रतियोगिता के प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होंगे जिसमें पुरुष और महिला एकल के अलावा तीन युगल (पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल) मैच होंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष पॉल एरिक हॉयर ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेलों का अहसास अलग होता है। इसमें बैडमिंटन के पारंपरिक दिग्गज टीमों के अलावा ऐसी टीम भी हिस्सा लेती हैं जिन्होंने हाल में अपनी छाप छोड़ी है। इसमें विभिन्न शैलियों की विविधता देखने को मिलती है। मैं प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही सभी टीम को शुभकामनाएं देता हूं।'

एसी मिलान को बिक्री को तैयार कीमत एक अरब 30 करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मिलान

इटली की शीर्ष फुटबॉल लीग सिरी ए के चैंपियन एसी मिलान को अमेरिका की निवेश फर्म रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स को एक अरब 30 करोड़ डॉलर में बेचने की तैयारी है और दोनों पक्षों ने शुरुआती करार पर हस्ताक्षर भी किए हैं। मिलान ने बुधवार को कहा कि रेडबर्ड के साथी अमेरिकी कंपनी इलियट मैनेजमेंट से इटली के इस क्लब की खरीद को सितंबर तक अंतिम रूप देने की उम्मीद है।

रेडबर्ड के संस्थापक और प्रबंध साझेदार गैरी कार्डिनेल ने कहा, 'एसी मिलान के शानदार इतिहास का हिस्सा बनकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं और क्लब के अगले अध्याय में भूमिका निभाने को लेकर उत्सुक हैं जो इटली, यूरोपीय और विश्व फुटबॉल के शीर्ष पर अपने सही स्थान पर लौट रहा है।' मिलान ने पिछले महीने 11 साल में अपना पहला सिरी ए खिताब जीता था। रेडबर्ड की फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप में भी हिस्सेदारी है जिसके पास इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब लिवरपूल का स्वामित्व है।

तड़के सुबह बैठी पंचायत, दो घंटे बाद वृद्ध की हत्या

प्रखर खानपुर गाजीपुर। थाना क्षेत्र के हरिहरपुर ग्राम सभा मे आज सुबह हरिहरपुर निवासी कथरू यादव पुत्र स्व0 ढोढ़ा यादव (75) को उनके भतीजे ने लाठी डंडे से पीटकर मार डाला। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीबन आठ बजे जब कथरू अपने पशुओं के लिए चारा काटने के लिए गये हुए थे की घर पर

जमीनी विवाद में भतीजे ने की चाचा की हत्या

अकेले मौजूद कथरू के छोटे पुत्र वीरेंद्र यादव (40) को घर पर अकेला देख मनबड़ प्रवित्ती के कथरू के बड़े भाई के पुत्र जयराम वीरेंद्र को अकेला घर मे देख विवाद करने लगे की पुत्र से लड़ते देख कथरू चारा काटना छोड़ जैसे ही अपने पुत्र के बचाव के लिए निकले की इतने मे अपनी मशीन पर मौजूद बृजेश यादव पुत्र पथरू,राहुल यादव पुत्र जयराम,राजेश यादव पुत्र पथरू यादव ने कथरू को अकेला देख लाठी डंडे व एक लोहे की राड से लैश होकर हमला कर दिया। अपने बचाव के लिए कथरू ने वहाँ से भागने का प्रयास किया लेकिन मनबढ़ युवकों ने कथरू को जान खेत मे धक्का देकर लोहे की राड से सर पर जोरदार हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयीं। वही पिता को मार खाता देख मौके पर बिचबचाव करने पहुचे कथरू के पुत्र वीरेंद्र यादव व भांजा मिथिलेश यादव को बिचबचाव करता देख मनबढ़ो ने उन्हें भी दौड़ाकर मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।वही स्थानीय ग्रामीणों से मिली सुचना पर मौके पर पहुंची खानपुर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया हैं।

घटना को जानकारी मिलते ही पहुंची स्थानीय समेत तीन थानो की पुलिस, समेत एसपी गाजीपुर व एसपी सिटी- क्षेत्र के हरिहरपुर मे हुई हरिहपुर निवासी कथरू यादव पुत्र स्व0ढोढ़ा यादव (75) की सुबह करीब आठ बजे उन्ही के भतीजो के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर हत्या कर दी गयीं। वही घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिली सुचना पर मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा, उपनिरीक्षक रामसजान यादव,उपनिरीक्षक रतन सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच घटनास्थल की जांच पड़ताल की गयीं वही घटना पर गाँव मे तनाव को देखते हुए सैदपुर कोतवाली व सादात थाना समेत सीओ सैदपुर बलराम प्रसाद व एसपी गाजीपुर रामबदन सिंह एसपी सिटी गाजीपुर गोपीनाथ सोनी द्वारा मौके पर पहुंच घटनास्थल समेत मृतक के घर समेत हमालावरो के घर का भी निरीक्षण किया गया हैं।

पुलिस ने मौके से बरामद किया हत्या मे प्रयुक्त चार लाठिया व एक लोहे की राड,घटनास्थल व घर पास मिले खून के छिटो को भेजवाया एफएसल जांच के लिए लैब- क्षेत्र के हरिहरपुर के हुए हत्या वृद्ध के हत्या मे प्रयुक्त चार लाठिया और एक लोहे की राड को मौके से बरामद कर किया गया हैं,थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया की ग्रामीणों के निशांनदेही पर हत्या मे प्रयुक्त चार लाठिया व एक लोहे की राड को बरामद किया गया।वही दो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया हैं।

हत्याकर फरार हो रहें बदमाशों को दौड़कर पकड़ा- क्षेत्र के हरिहरपुर मे हत्या के बाद गाँव मे तनाव का महौल हो वही कथरू के हत्या के बाद मौके से फरार हो रहें दोनों बदमाश जयराम यादव पुत्र पथरू बृजेश यादव पुत्र पथरू को उपनिरीक्षक रामसजन यादव व उपनिरीक्षक रतन सिंह के द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया।और दोनों को मौके से गिरफ्तार कर खानपुर थाने भेज दिया गया हैं। रस्त्र गाजीपुर रामबदन सिंह ने बताया की मौके पर पहुंच घटनास्थल का जांच किया गया हैं मौके से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पकड़ स्थानीय खानपुर थाने पर भेजवा दिया गया हैं,शव को कब्जे मे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

पिता की मौत पर पत्नी समेत पुत्र का रो-रोकर हुआ बुरा हाल- क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी मृतक कथरू के पुत्र वीरेंद्र,सुरेंद्र समेत पत्नी गोदना यादव को रो-रोकर बुरा हाल हो गया।वही पत्नी गोदना मौके पर इस समय हैदराबाद अपने देवर राजेंद्र के साथ हैं पति की मौत की खबर सुनते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया हैं।

आडिट टीम ग्राम पंचायतों में पहुंचकर पूरी पारदर्शिता और सहभागिता के साथ अपनी जांच पड़ताल करें

प्रखर संत कबीर नगर। जिला विकास अधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर चयनित सोशल ऑडिट टीम को संबोधित करते हुए सोशल ऑडिट के बारे में टीम के सदस्यों को उसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि टीम के सदस्य किसी भी ग्राम पंचायत को जांच करने के लिए जाते हैं तो उसके लिए सबसे जरूरी होता है कि पारदर्शिता सहभागिता और उत्तरदायित्व का बोर्ड करते हुए अपने स्तर सेग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए कार्यों का ऑडिट करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों व कमियों को अपने द्वारा मनरेगा सेल या जिला विकास अधिकारी को अवगत कराएं ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन किया जाए यदि ग्राम पंचायत द्वारा विकास में लगाए गए निधि का दुरुपयोग किया गया है तो उनसे जिला प्रशासन के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर सूचना देते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जा सके, बताते चलें गे जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद द्वारा खंड विकास खलीलाबाद के विकास भवन के सभागार कक्ष में सोशल ऑडिट टीम में लगाए गए सदस्यों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि टीम के प्रत्येक सदस्यों का नैतिक कर्तव्य बनता है कि अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पूरी पारदर्शिता वह सहभागिता तथा उत्तरदायित्व का बोर्ड करते हुए ससमय अपने अपने ग्राम पंचायतों में पहुंचकर स्थलीय भौतिक सत्यापन करते हुए खुली बैठक के माध्यम से ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों के बीच सब की समस्याओं को सुनते हुए अपने कार्यों को अंजाम दें इसमें कहीं से किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

दो वांछित गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर। पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा घटना में सम्मिलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी मुखर्जी क्षेत्राधिकारी सकलडीहा अनिरुद्ध सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बलुआ राजीव कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा संबंधित मुकदमे में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया पकड़े गए अभियुक्तों में वीरेंद्र कुमार व अनिल बताए जाते हैं बताया जाता है कि अमिलाई गाँव में तिलक समारोह में डीजे पर नाच होने के दौरान मारपीट की घटना हुई थी जिसमें एक महिला राधिका देवी की मृत्यु हो गई थी वही अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने अभियुक्तों के घर से घटना में प्रयुक्त की गई दो बांस की लाठी खून से लगी हुई बरामद की।

चार पशु तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना मुहम्मदाबाद द्वारा दिन गुरुवार को 4 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 राशि गाय व 1 राशि बैल का बरामद किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 2 जून 2022 उ.नि. सुनील कुमार यादव मय हमराह कर्मचारीगण हे.का. अश्वनी कुमार पाल, का. राजू यादव, का. प्रदीप सिहं के वास्ते रोकने जुर्म जरायम व शान्तिव्यवस्था हेतु थाना स्थानीय से रवाना होकर क्षेत्र में मामुर था, की तभी मुखबिर ने बताया की ग्राम परसा के पास अभियुक्तगण अमित कुमार पुत्र रामबदन राम निवासी ग्राम सत्यनगर चौथी बांध, बरेसर गाजीपुर, ओमकार राम पुत्र शिवानन्द राम निवासी सत्यनगर चौथी बांध थाना बरेसर उम्र करीब 20 वर्ष, शर्मा चौहान पुत्र इन्द्रदेव चौहान निवासी सत्यनगर चौथी बांध थाना बरेसर जनपद गाजीपुर व हैदर अहमद पुत्र

मुस्तफा अहमद निवासी बालापुर थाना मु.बाद गाजीपुर 3 राशि गाय व 1 राशि बैल लेकर बिहार प्रान्त मे ले जा रहे है। मुखबिर की सूचना पर हम पुलिसवालो द्वारा ग्राम परसा मे समय करीब 4.15 बजे अभियुक्तगण उपरोक्त् को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 142/2022 धारा 3/5इ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत कराया गया तथा अभियुक्त शर्मा चौहान पुत्र इन्द्रदेव चौहान निवासी सत्यनगर चौथी बांध थाना बरेसर जनपद गाजीपुर के पास से 1 चाकू बरामद हुआ, जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 143/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कराया गया तथा अभियुक्त हैदर अहमद पुत्र मुस्तफा अहमद निवासी बालापुर थाना मु.बाद गाजीपुर के पास से 1 चाकू बरामद हुआ, जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 144/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कराया गया।

गरीब-मजलूमो के लिए कारगर साबित हो रहा सस्ता जेनेरिक दवा : मुकेश जायसवाल

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। नेशनल फार्मा प्राइसिंग अथॉरिटी की ओर से 1 अप्रैल 2022 से अंग्रेजी दवाओं के मूल्यों में 11% की हुई भारी वृद्धि ने बुरी तरह से महंगाई का मार झेल रहे गरीब मरीजों के लिए अच्छी खासी मुश्किलें पैदा कर दी है। ऐसे मुश्किल दौर में प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए वरदान साबित होने वाला जेनेरिक दवा धीरे-धीरे करके आम जनता का ध्यान अपने और आकृष्ट करने का काम कर रहा है जो की अंग्रेजी दवाओं के मुकाबले काफी सस्ते दर पर देश भर के 739 जिलो मे 8610 जन औषधि केंन्द्रो पर 1616 उत्पादों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। गुणवत्ता के मामले में यह अंग्रेजी दवाओं के मुकाबले कहीं से भी कमजोर नहीं है। इन्हीं जेनेरिक दवाओं का इस्तेमाल बिना किसी संदेह के करने की अपील के साथ लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले संस्था

के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, समाजसेवी उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष नंदकुमार टोपी वाले के नेतृत्व में कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल के बाहर जागरूकता अभियान चलाया गया। उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल,समाजसेवी अनिल केशरी एवं कोषाध्यक्ष नंदकुमार टोपी वाले ने कहा कि जब कोई दवा बनती है तो कई नामी- गिरामी कंपनियां उसको पेटेंट करा लेती है। जिसकी वजह से वह दवा काफी महंगे मूल्य में बाजार में उपलब्ध हो पाती है। वही दवा जब पेटेंट के दायरे से बाहर आती है और उसी दवा को अन्य कंपनियां जब बनाती है तो वह दवा सस्ते मूल्य मे जेनेरिक दवा के रूप में बाजार में उपलब्ध हो जाती है। बाजार में वरदान के रूप में आए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत जेनेरिक दवाओं ने काफी हद तक गरीब-मजलूम आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों और उनके परिजनों को राहत देने का कार्य किया है। जन औषधि केंद्र पर बिकने वाली जेनेरिक दवाओं के गुणवत्ता को लेकर शुरूआती चरण में काफी अफवाहें भी फैलाई गई।

आईजी साहब ने महिलाओं के मामले में तत्काल कार्रवाई के दिए हैं आदेश

प्रखर चन्दौली। वाराणसी जोन के पुलिस महानिरीक्षक के. सत्यनारायण आज चंदौली में पुलिस लाइन का निरीक्षण करने जा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन के कार्यालय में सफाई व्यवस्था तथा अभिलेखों का बारीकी के साथ निरीक्षण किया

तथा सूचना तंत्र को और मजबूत बनाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।बताया जा रहा है कि आईजी साहब बुधवार को चंदौली जिले में पहुंचे और परेड की सलामी ली। इसके बाद मातहतों से जिले की आपराधिक घटनाओं शिकायतों के निस्तारण तथा कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान कहा कि पुलिस को अपना सूचना तंत्र विकसित करना चाहिए, ताकि अपराधिक घटनाओं की तत्काल सूचना मिल सके। इससे पुलिस को कार्यवाही करने में काफी सहूलियत मिलेगी।आईजी साहब ने पुलिस अधीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारियों को कहा कि चंदौली जनपद टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें तथा अन्य अपराधियों को इस तरह का संदेश देने की कोशिश करें कि वह किसी अपराधिक घटना में शामिल होते हैं, तो उनकी खैर नहीं होगी।आईजी साहब ने यह भी कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में त्वरित कार्यवाही की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक में पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न सेल के अभिलेखों का भी अवलोकन किया और सहायकों की उपस्थिति जांचते हुए उनको कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी मुखर्जी, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सुखराम भारती के साथ-साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी गण भी मौजूद रहे।

विधायक ने किया नहर सफाई का शुभारम्भ

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने गुरुवार को हरिनाथपुर गांव में गुरुवार को 8 किमी लम्बी नहर की सफाई कार्य का फीता काटकर शुभारम्भ किया।विधायक ने कहा कि प्रत्येक किसानों को नहर का पानी उनके खेत तक पहुचाने तथा जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए यह नहर किसानों के लिए रामबाण होगी। शारदा नहर से सम्बद्ध उक्त रजवाहे के सफाई से जहाँ टेल तक पानी पहुचना आसान होगा वही क्षेत्र के हरिनाथपुर ,बरजी,बचौरा, दबेथुआ, लखमीपुर,बेलवाँ सहित अन्य गांवों को जोड़ने वाली प्रमुख माइनर की सफाई होने से जलजमाव होने से मुक्ति मिलेगी । इस दौरान उन्होंने कहाकि पीएम मोदी व सीएम योगी ने किसान हित में अनेकों कार्य किये है जो धरातल पर दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसडीएम राजीव कुमार राय, संदीप सिंह, दिलीप सिंह, विनोद सिंह,रामआसरे सिंह, अनुज सिंह, अजय पटेल, अरबिंद मिंश्र, अभिषेक राजपूत व अतुल रावत अनेक लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखायेगा पिंडरा का छात्र

प्रखर पिंडरा वाराणसी। गत दिनों डायट सारनाथ पर हुई ऑनलाइन प्रदेश स्तरीय योग प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के बल पर पिंडरा ब्लॉक के रमईपट्टी का छात्र राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले योग प्रतियोगिता में अब अपनी प्रतिभा दिखायेगा। बताते चलें कि गत दिनों डायट पर हुई योग प्रतियोगिता में 75 जिलों से 115 बच्चो ने प्रतिभाग किया था। जिसमे जूनियर व माध्यमिक वर्ग से 8- 8 छात्र छात्राओं का चयन आगामी 16 जून से राष्ट्रीय

स्तर पर नई दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता में हुआ है। उक्त प्रतियोगिता में जनपद से तीन छात्राओ का चयन हुआ है। वही पिंडरा ब्लॉक से एकमात्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमईपट्टी का छात्र शिवम का चयन हुआ है। बालिका वर्ग में जूनियर से दुर्गेश पाठक कक्षा-6 एवं सीनियर वर्ग से गरिमा यादव (कक्षा-10) अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज से शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। । प्रशिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय तथा प्रिया मिश्रा ने बताया कि पूरे प्रदेश से 16 प्रतिभागी राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड में भाग लेंगे। इन छात्रो के चयन पर शिक्षाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

मकान गिराने के उद्देश्य से दबंगों ने पीछे कर दी खुदाई

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महुवारी निवासी फेरु यदाव ने बुधवार को तहरीर देकर आरोप लगाया कि प्रतिपक्षी दबंगों ने कच्चे मकान को गिराने के उद्देश्य से पड़ोसी संग मिलकर मकान के पीछे गड्ढे की खुदाई करने लगे जो मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गये। मामला कोतवाली पहुंचा तो पुलिस तहकीकात में जुट गई। बताते चलें कि ग्राम पंचायत महुवारी में फेरू यादव एवं उनके भाइयों का उनके आराजी नम्बर 94 में कच्चा पुस्तैनी मकान है। बुधवार को प्रतिपक्षी नरसिंह यादव, राज बहादुर यादव, जय सिंह यादव पुत्रगण सूरज यादव, प्रीतम यादव पुत्र नरसिंह यादव अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। पीड़ित फेरू यादव भी सड़क के दूसरे किनारे पर अपनी जमीन में निर्माण कार्य के लिए खुदाई करना प्रारंभ कर दिये। इस पर प्रतिपक्षीगण उन्हें रोकते हुए उनके कच्चे मकान के पीछे मकान को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से गड्ढे की खुदाई करना प्रारंभ कर दिये। फेरु यादव एवं परिवार के अन्य लोगों ने विरोध किया तो गली-गलौज करते हुए दबंग विपक्षी मारपीट पर उतारू हो गये। सूचना देने पर मौके पर 112 पुलिस पहुंचकर शांति व्यवस्था स्थापित की लेकिन मामला केराकत कोतवाली पहुंच गया जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुलिस मौका-मुआयना करने की बात कही। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक गांव में दोनों पक्षों को लेकर तनाव की स्थिति बनी रही।

संक्षिप्त खबरें

ठेके के मजदूरों से कराया जा रहा नाला कार्य विडियो वायरल

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रामनगर में ठेले मजदूरों से नाला का कार्य कराया जा रहा है जिसका वीडियो वायरल हुआ है। इसके अलावा पूर्व प्रधान पति ने बीडीओ से शिकायत कर मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग किया है। जारी वीडियो में सीधे मजदूरों ने आरोप लगाया है कि नाला का जो कार्य हो रहा है। एक ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी कर रहे है। जो मजदूर लगाए गये है। उनका नाम जी मस्टररोल भरा जा रहा है। उसमें दर्ज नही है। कार्य और कर रहे है नाम किसी और का भरा जा रहा है। इसी मामले को लेकर पूर्व प्रधान पति राजकुमार ने बीडीओ को दिये गये शिकायत में आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में नाला की खुदाई वर्तमान प्रधान द्वारा कराया जा रहा है। वह कार्य मनरेगा मजदूर से न करे कर ठेके के मजदूरों से कराया जा है। जो मजदूर कार्य स्थल पर लगाये गये है। उनका नाम मस्टररोल में दर्ज नही है। गांव में विकास कार्य के नाम पर की जा रहे धांधली की जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है। इस बाबत बीडीओ सुरेश कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जिसकी जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

पानी के टँकी के लिए किया भूमि पूजन

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। हरपुर बुदहट क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही में ग्रामीणों के शुद्धपेय जल की व्यवस्था के लिए शासन के निर्देश पर जल निगम द्वारा पानी के टँकी लगाने का व्यवस्था किया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि का पूजन कर कार्य का शुभारंभ कराया गया। पंडित चन्द्रशेखर पांडेय द्वारा मन्त्रोचरण किया गया। इस दौरान जगदीश यादव,अंकित उर्फ मुन्ना यादवराम आशीष यादव,फूलदेव यादव,अपरबल यादव अरविंदर ,पुरास ओमप्रकाश गुप्ता, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

यातायात सुरक्षा माह में 20 ऑटो और मैजिक को किया गया सीज

प्रखर चंदौली। जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र आलमपुर के पास यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों का 20 ऑटो और मैजिक को किया गया सीज। साथ ही अन्य वाहन चालकों को यातायात पंपलेट बांटकर नियम कायदों के बारे में जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों की ओर से यातायात नियमों का पालन नहीं करने से आए दिन गाड़ी एक्सीडेंट से लोग घायल और मौत के मुंह में चले जाते हैं। ऐसे में यातायात के नियमों का सही रूप से पालन ना करने से कारण लोग हादसे के शिकार हो जाते हैं। यातायात पुलिस की ओर से मंगलवार को नियम विरुद्ध गाड़ी खड़ा करने वाले लोगों का चालान काटा गया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का सुझाव भी दिया गया है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्यामजी ने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करें और सड़क के किनारे रोड जाम करने का कारण न बने और सुरक्षित जगह पर गाड़ियां खड़ा करें जिससे जाम के झाम से जनता को ना परेशान होना पड़े अन्यथा जो व्यक्ति यातायात के नियमों का पालन नहीं करेगा नियम विरुद्ध गाड़ी खड़ा करेगा ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई कर चालान काटा जाएगा।

जिलाधिकारी ने आगामी 5 जून को महामहिम राष्ट्रपति के आगमन पर कबीर दर्शन एक्सपर्ट, प्रोफेसर एवं शोधार्थियों को किया आमंत्रित

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद संत कबीर नगर स्थित संत कबीर महापरिनिर्वाण स्थली, मगहर में आगामी 05 जून को महामहिम राष्ट्रपति जी के आगमन के दृष्टिगत कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, पं0 दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय. वाराणसी के हिन्दी/इतिहास विषय क्षेत्र से कबीर साहित्य विषेशज्ञ/कबीर दर्शन एक्सपर्ट/प्रोफेसर/शोधार्थियों को आमंत्रित किया है।

तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना मुहम्मदाबाद द्वारा एक अभियुक्त को आज 2 जून दिन गुरुवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 देशी तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर का बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश मे जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान उ.नि. सन्तोष कुमार यादव मय हमराह कर्मचारीगण का. चालक शेवेन्द्र प्रताप सिंह, का. चन्दन पासवान, का. सुनील कुमार व का. सचिन वर्मा के वास्ते रोकने जुर्म जरायम व शान्तिव्यवस्था हेतु थाना स्थानीय से रवाना होकर क्षेत्र में मामुर था की हाटा पुलिया के पास से अभियुक्त कृष्णा भारती पुत्र फूलचन्द्र निवासी रघुवरगंज मु.बाद जनपद गाजीपुर उम्र 25 वर्ष के पास से 1 देशी तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर की बरामदगी हुयी। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 141/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कराया गया।

सुंदरकांड, भजन संध्या व विशाल विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गोपपुर स्थित सथवा के प्राचीनतम हनुमान मंदिर में ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट व दिव्यांश पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश पांडये ने एक से बढ़कर एक भजनों को सुनाकर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट की चेयरमैन श्रीमती सीमा सिंह ने पूजा अर्चन के पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रामानुज सिंह ने तथा अंत मे धन्यवाद ज्ञापन सुभाष सिंह ने किया। इस मौके पर विनय सिंह के साथ साथवाँ, गोपपुर, नवापुरा, धुरीपुर,के समस्त गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव का सपा के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 2 जून को नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव का समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सदर विधायक जै किशन साहू ने उनके मनोनयन पर खुशी का इजहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इनके मनोनयन से जनपद गाजीपुर ही नहीं बल्कि पूरा पूर्वांचल गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने कहा लाल बिहारी जी संघर्ष के पर्याय है। संघर्ष और लाल बिहारी जी का चोली और दामन का साथ है। संघर्ष और लाल बिहारी साथ चलते हैं। उनके संघर्ष और समर्पण का ही परिणाम है कि आज लाल बिहारी को पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद के पद स्थापित किया है। इस दौरान अपने स्वागत से अभिभूत नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी

यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति अपने मनोनयन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनाकर जो भरोसा और विश्वास हम पर जताया है उस भरोसे और विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि हर कीमत पर आपके सम्मान की रक्षा करूंगा। उन्होंने भाजपा सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि यह सरकार केवल प्रदेश की जनता का भावनात्मक शोषण कर रही है। इसका गरीबों के सुख दुख से कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ें जा रहे रेहड़ी पटरी के दुकानदारों की चर्चा करते हुए कहा इन गरीब दुकानदारों की रोजी रोटी की व्यवस्था कर लेने के बाद इन्हें इनके स्थान से हटाना चाहिए था लेकिन बिना सूझ बूझ का परिचय दिये जिला प्रशासन ने इनको उजाड़कर इनकी पेट पर लात मारने का काम किया है।

इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुधीर यादव, मन्नू सिंह, मार्कण्डेय यादव, फेंकू यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. समीर सिंह, अतीक अहमद राईनी, मदन यादव, राजकिशोर यादव, भानु यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, रविन्द्र यादव, गोवर्धन यादव, छोटेलाल यादव, सीता राम, अनिल यादव, ओमप्रकाश यादव, देवचंद राम, बृजदेव खरवार, जुम्मन, अजय यादव, सूर्यमणि यादव, शिववच्चन यादव, प्रमोद यादव, आदि उपस्थित थे। स्वागत समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामधारी यादव एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल कन्नौजिया ने किया।

उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी का पहला मामला, सगे भाइयों पर लगा 37 लाख रुपये का जुर्माना

प्रखर गोरखपुर। बक्शीपुर उपखंड के भरपुरवा में स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी के मामले में सगे भाइयों पर 37 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। बिजली निगम के प्रयासों के बाद भी दोनों भाई अफसरों के सामने नहीं आए। अफसर अब एंटी थेफ्ट थाने की कार्रवाई के भरोसे बैठे हैं। गंभीर बात यह है कि बिजली चोरी कराने में मिलीभगत को लेकर कोई जांच नहीं कराई जा रही है। स्मार्ट मीटर की सील ठीक मिलने पर बिजली निगम के कर्मचारियों और एलएंडटी के कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई गई है।

घर में खिड़की काटकर घुसे चोरों ने कीमती सामान समेत जेवरात व नगदी उडाया

प्रखर गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहापार दक्षिण टोला में बीती रात घर के पीछे से खिड़की काटकर घुसे अज्ञात चोरों ने कमरे में रखा हुए सामान तथा जेवरात व नगदी उड़ा ले गए । मिली जानकारी के अनुसार सुनील यादव पुत्र मंगरू प्रसाद यादव निवासी ग्राम-सिहापार दक्षिण टोला थाना-सहजनवां जनपद गोरखपुर के निवासी हैं जो तीन भाई हैं जिसमें सबसे छोटे भाई सुधीर यादव कि शादी पिछले वर्ष हुई थी जो पेशे से इंजीनियर है वह बाहर रहकर नौकरी करता है तथा उसकी पत्नी घर रहती है जो बीते कुछ दिनों से मायके गई हुई थी घर में भाई सुनील अकेले सुनील शो रहा था।

इसी मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर में सेंध लगा दिया और किसी को भनक तक नहीं लगी कि चोर अपना काम कर फरार हो गया सुबह जब सुनील अपने घर के पीछे पहुंचे तो देखा खिड़की टूटी हुई थी अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरे हुए थे। इसके बाद इन्होने तत्काल इसकी सूचना सहजनवां थाने को दी,मौके पर पहुंची सहजनवां पुलिस मामले की खोजबीन करने में जुटी हुई है इस बाबत थाना प्रभारी सहजनवां अंजुल कुमार चतुवेर्दी ने कहा चोरों की तलाश की जाएगी उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई भी होगी अब देखना यह है कि क्या पुलिस और प्रशासन के लोग इस मामले की खोजबीन करते हैं या विगत दिनों हुई चोरियों की भांति इसे ठंडे बस्ते में डालकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं।

गंभीरपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर गांव में जमीनी विवाद में भाई और भतीजे ने मिलकर व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। जानकारी के मुताबिक दयाराम यादव 40 वर्ष पुत्र राम बचन निवासी फैजुल्लाहपुर रोजी रोटी हेतु गाजियाबाद पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। दो बार दयाराम यादव ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा व कुछ मतों से उसकी हार हुई। 2021 के पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशी रहा। उसको लगा कि गाजियाबाद रहकर में चुनाव नहीं जीत सकता तो एक साल से घर पर अकेले ही रहकर समाज सेवा में लगा रहा एक पिकअप लेकर मेहनगर के एक गैस एजेंसी पर लगा दिया और उसी से कमाकर अपना जीविकोपार्जन करने लगा दयाराम के भाई हरिश्चंद्र के बीच बुधवार को दोपहर में जमीन को लेकर विवाद हो गया । हरिश्चंद्र में

फिर दोनों के बीच गाड़ी खड़ा करने को लेकर कहासुनी हुई उसके बाद 8 बजे उसके भाई भतीजे दयाराम को चाकू से कई वार किए जिससे पेट फट गया । चाकू मारकर आरोपी मौके से फरार हो गए दयाराम यादव को लहूलुहान स्थिति में अस्पताल ले जाया गया है देर रात दयाराम यादव की मौत हो गई घटना की जानकारी होते ही पत्नी और बच्चे गाजियाबाद से घर के लिए निकल चुके हैं प्रभारी निरीक्षक गंभीरपुर राम प्रसाद बिंद से बात करने पर उन्होंने बताया कि आरोपी मौके से फरार हैं तलाश हो रही है अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है ' घटना के बाद मौके पर सीओ सदर,एसपी सिटी व पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे।

इंडिया इंटरनेशनल इन्वेन्शन एंड इनोवेशन एक्सपो 2022 के लिए चयनियत किए गए जनपद मिजार्पुर के दो जुगाडू वैज्ञानिक

प्रखर मिजार्पुर। नेटवर्क ऑफ नेशनल orgnisation फॉर साइंस टेक्नोलॉजी नईदिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के यंग इन्नोवेटर्स प्रतियोगिता में जनपद मिजार्पुर के जिला विज्ञान क्लब मिजार्पुर समर्थित कलाम इनोवेशन लैब अहरौरा मिजार्पुर के दो युवा जुगाडू वैज्ञानिक प्रिंस कुमार एवम आर्यन प्रसाद का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया ।इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब मिजार्पुर के जिला समन्यवक सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता पहले पूरे देश मे 10 रीजनल सेंटर पर आयोजित की गई जिसमें जनपद के दोनों नवप्रवर्तक 17 दिसम्बर को भोपाल में अपने नवप्रवर्तन प्रदर्शित किया।जहां से इनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया।जिसमें पूरे देश से चार वर्ग में 98 नवप्रवर्तक चयनित किये गए।राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 27 एवम 28 मई को सिग्मा इंस्टीटूट बड़ोदरा गुजरात मे आयोजित की गई।जिसमें जनपद के दोनों नावप्रवरतको ने प्रतिभगिता की।जिसका रिजल्ट आज 2 जून को ऑन लाइन घोषित किया गया।जिसमे जनपद के दोनों जुगाडू वैज्ञानिक प्रिंस कुमार एवम आर्यन प्रसाद का नवप्रवर्तन अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए जुवेलिन ग्रुप के लिए चयनित किया गया।कुल 32 नवप्रवर्तक चयनित किये गये ,ये दोनों उत्तर प्रदेश से इस वर्ग में अकेले प्रतिभगी रहे।अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता गोवा में आयोजित होगी,जिसमे 20 देशों के इन्नोवेटर्स प्रतिभगिता करेगे।प्रिंस कुमार धन के खेतों में उगने वाली घास को कुचलने की मशीन एवम आर्यन प्रसाद गोभी को खेत मे से काटने की सरल मशीन का प्रदर्शन करेंगे।अंतरराष्ट्रीय स्तर के इनोवेशन प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जे पी रॉय कृषि वैज्ञानिक,डॉक्टर यस के गोयल,डॉक्टर यस एन सिंह,डॉक्टर यस के सिंह राज्य समन्यवक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस उत्तर प्रदेश,संदीप द्विवेदी इन्नोवेशन ऑफिसर विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश,सुशील कुमार पांडेय,सत्य नारायण प्रसाद,गुलाब चंद तिवारी ने जनपद एवम प्रदेश का नाम ऊंचा करने के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सगे भाइयों के परिवार में मकान बनवाने और पानी निकासी को लेकर हुई आपस में मारपीट, एक की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खानपुर थाना इलाके के हरिहरपुर मतसौना गांव में मकान बनवाने और पानी निकासी को लेकर सगे भाइयों के परिवार के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट मे एक परिवार के कतरू की चोट लगने से मौत हो गई है। घटना की सूचना पर खुद एसपी रामबदन सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। इस दौरान एसपी रामबदन सिंह ने बताया की घटना की सूचना पर मैं खुद मौके पर पहुंच कर घटनास्थल और घटना का जायजा लिया हूँ, जहां पर दो भाइयों के परिवार में मकान बनवाने और पानी निकासी को लेकर आपस में मारपीट हुई है। इस मारपीट मे कतरू नाम के सख्स की चोट लगने से मौत हो गई। कतरू और पतरू दोनो सगे भाई है। मृतक कतरू 75 साल के है। फिलहाल मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अपनों के खुशियों में शरीक होने महुली पहुंचे सूर्या स्कूल के चेयरमैन डॉ. उदय प्रताप चतुवेर्दी

प्रखर संतकबीरनगर। खलीलाबाद सूर्या स्कूल के चेयरमैन समाजसेवी डॉ उदय प्रताप चतुवेर्दी का कारवां मंगलवार को अपनों की खुशियों का हिस्सा बना रहा। करीबियों के घर पहुंच कर आयोजित मांगलिक कार्यक्रमों से होता हुआ महुली पहुंचा। जहां डॉ उदय अपने शिष्य जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ चतुवेर्दी परिवार के वर्षों पुराने वफादार सेवादार सुखई नाई के पुत्री की शादी में सम्मलित हुए। शादी समारोह में पहुंचे डा उदय ने न सिर्फ वर वधु को आशीर्वाद दिया बल्कि एक अभिभावक के रूप में सभी इंतजामों का बारीकी से जायजा भी लिया। डॉ चतुवेर्दी ने सुखई नाई को आश्वस्त किया कि बेटी की शादी में किसी तरह की कोई कमी नहीं होने पायेगी। अपने अभिभावक रूपी सरपरस्त से मिले प्यार और आशीर्वाद से सुखई नाई का समूचा परिवार अभिभूत नजर आया। इससे पहले सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा उदय प्रताप चतुवेर्दी नाथनगर ब्लॉक के सकरैचा गांव पहुंचे। जहां उन्होने सपा के वरिष्ठ नेता इंदल यादव के भतीजी की शादी शामिल होकर नवदंपति के उज्जवल भविष्य की कामना किया। बाद में डा उदय प्रताप चतुवेर्दी मुखलिसपुर पहुंचे। मुखलिसपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम् अपने करीबी त्रिपुरारी त्रिपाठी के पुत्र के मुंडन संस्कार के अवसर पर आयोजित अखंड रामायण पाठ में भी हिस्सा लिया। ईश्वर की आराधना करके आरती में भी शामिल हुए। श्री त्रिपाठी के पुत्र के दीघार्यु होने की भी कामना किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, सपा के पूर्व जिला महासचिव नित्यानंद यादव, सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष असद महताब, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, अभयनंद सिंह, प्रधान प्रतिनिधि शमशाद अहमद गामा, शंकर यादव, राम अशीष यादव, केडी यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आस्था ने प्रदेश के साथ जनपद का नाम किया रोशन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नंदगंज बाजार के प्रमुख व्यवसायी अनिल जायसवाल की पुत्री आस्था जायसवाल ने आईआईटी बाम्बे जेम की इंडिया लेवल प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम प्रयास में 148वीं रैंक प्राप्त करके प्रदेश के साथ गाजीपुर का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में यूपी से केवल चार छात्रों का चयन हुआ है। जिसमें आस्था सहित तीन महिलाएं व एक पुरूष ने सफलता हासिल की। आस्था को आईआईटी बाम्बे कॉलेज में आपरेशन रिसर्च ट्रेड में प्रवेश मिला है। यह उपलब्धि उसे प्रथम प्रयास में बिना किसी कोचिंग के प्राप्त हुई है। आस्था ने रेनबो माडर्न स्कूल से हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद बीएचयू से बीएससी मैथ की पढ़ाई की। कोरोना काल में अपने घर पर रहकर आईआईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनकर डीएम ने दिए निर्देश

प्रखर गोरखपुर। जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों फॉर सैनिक के साथ बैठक कर संबंधित को निर्देशित किया कि भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के समस्याओं का त्वरित किया जाए निस्तारण राशन कोटा आवंटन खुली बैठक करा कर भूतपूर्व सैनिकों को वरीयता के आधार पर किया जाए राशन कोटा आवंटन।डीएम ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही नियमानुसार किया जायेगा। डीएम ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देश दिये कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण समयानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, सुरक्षा, बैंक से सम्बन्धित और अन्य समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किया जाए डीएम विजय किरन आनंद ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला

सैनिक कल्याण बन्धु समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहित समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए। फिलहाल आज हुई बैठक मे भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं को रखा। डीएम ने अफसरों से साफ कहा कि पूर्व सैनिकों की सम्मान सहित उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित थानों को निर्देश दिए जाएं कि पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद जैसे विषयों की शिकायतों के लिए थाना दिवस में भी उपस्थित होकर शिकायतें सुनी जाएं ताकि उनका समाधान जल्द किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से बातचीत करे हुए कहा कि उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। उनकी सुनवाई में कोताही नहीं बरती जाएगी। जिसके लिए अफसरों को दिशा निर्देश जारी बैठक में सीडीओ इंद्रजीत सिंह पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक के डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

10 जून को किया जाएगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने समस्त जनपद वासियों से अपील किया है कि दिनांक 12 अक्टूबर, 2017 के क्रम में दिनांक 10.6.2022 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एक वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्या तथा विधवा/ परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र होगे वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित जोड़ों को उपहार स्वरूप सामग्री एवं कन्या के बैंक खाते में रू0 35000.00 दी जायेगी। इच्छुक पात्र जोड़े अपना रजिस्ट्रेशन संबंधित विकास नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में आवेदन/रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करे। पात्रता की अन्य शर्ते निम्नवत है, जिसमें कन्या के अभिभावक निराश्रित निर्धन तथा जरूरतमन्द हो, आवेदक के परिवार की कमाई रू० 2.00 लाख के अन्तर्गत हो, विवाह हेतु कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षणिक रिकार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र मनरेगा जॉबकार्ड, आधार कार्ड मान्य होगा, इस योजना के अन्तर्गत परिवारों के कन्या का विवाह/ विधवा/ परित्यक्ता/ तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह कराया जाना है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री ऐसी कन्या जो स्वयं विकलांग हरे को प्राथमिकता दी जायेगी।

संक्षिप्त खबरें

अंबिका सेवा संस्थान के अच्छे कार्यों के लिए महाराणा प्रताप सेना द्वारा दिया गया प्रताप सेवा सम्मान

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। अंबिका सेवा संस्थान समाजिक संगठन बिंद्राबाजार आजमगढ़ लगातार जनहित में सहयोग लोगों की मदद कोरोना काल में अलग अभियान से काम ,के कारण संस्थान के प्रभारी अभिषेक उपाध्याय को महाराणा प्रताप सेना के सेना प्रमुख आजमगढ़ गरुड़ होटल के मालिक विजेंद्र सिंह द्वारा महाराणा प्रताप सेना प्रताप सेवा सम्मान से अभिनंदन और स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रभारी अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि महाराणा प्रताप सेना द्वारा मुझे जो सम्मान मिला इस सम्मान फुल टीम और सभी सहयोगियों के महत्वपूर्ण योगदान का नतीजा है कि आज अंबिका सेवा संस्थान जनपद के हर कोने में लोगों की थोड़ी बहुत मदद करने में सहयोग कर रही है इस सम्मान के लिए लिए महाराणा प्रताप सेना को बहुत-बहुत धन्यवाद इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राणा प्रताप सिंह ,डॉक्टर सुभाष सिंह ,राघवेंद्र प्रताप सिंह,महंत राम चंद्र गिरी, डॉ दिलीप यादव पवन अस्थाना लकी श्रीवास्तव बालचंद चौधरी, नगर अध्यक्ष जहानागंज अमित कुमार गुप्ता ,नरेंद्र प्रताप सिंह, संगठन मंत्री जय सिंह ,दिनेश सिंह, दिनेश खंडेलिया आदि लोग उपस्थित थे।

बिल्डिंग मटेरियल दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा नगर पंचायत वार्ड 8 केशवपुर में बिल्डिंग मटेरियल के दुकान के सामने बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गया। ट्रैक्टर ट्राली ले जाते समय चोर सीसी टीवी कैमरे में कैद है। रात में ही चोरी की जानकारी होने पर दुकान मालिक ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस अज्ञात चोर के बारे में जानकारी कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 केशवपुर निवासी राजकिशोर सिंह मंडी समिति सहजनवा के बगल में सिंह बिल्डिंग मटेरियल के नाम से दुकान चलाते है। बगल में ही कुछ दूरी पर इनका मकान भी है। बुधवार रात में 9 बजे करीब ट्रैक्टर ट्राली पर बालू लदा कर घर पर चले गये। सुबह में बालू को किसी ग्राहक के यहां भेजना था। रात में 12 बजे के करीब इन्हें जानकारी मिली कि दुकान के सामने ट्रैक्टर ट्राली नही है। दौड़े दुकान पर पहुचे और खोजबीन शुरू किया लेकिन जानकारी नही हो पायी। सीसीटीवी कैमरे में चोर ट्रैक्टर ट्राली ले जाते देखा गया। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस चोर के बारे में जानकारी ले रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा राष्ट्रपति के गोरखपुर भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

प्रखर गोरखपुर। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति के गोरखपुर आगामी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा मार्ग व्यवस्था/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान रेती चौक, साहबगंज मंडी, मछली मंडी, नेहरू पार्क, स्पर्श दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज लाल डिग्गी, बाल विहार स्कूल लाल डिग्गी, आईटीआई कॉलेज लाल दिग्गी के पार्किंग स्थलो का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को वीवीआईपी ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी कोतवाली एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

बड़े मंगल के अवसर पर 28 मंदिरों में लगा भंडारा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मुक्ति आंदोलन के आवाहन पर ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार (बड़े मंगल के उपलक्ष्य में) को 28 जगहों पर भंडारा हुआ। इसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कमच्छा स्थित हनुमान मंदिर पर मुख्य अतिथि पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल एवं शशांक अग्रवाल उर्फ गच्चू भईया ने आरती कर भंडारे का शुभारम्भ किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक सुधीर सिंह ने बताया कि आज इस तरह के आयोजन 28 जगहों पर आयोजित किये जा रहे है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं